**रामनवमी पर बेंगलुरु कोलकाता, दिल्ली, कानपुर लखनऊ के फूलों से सजेगा पूरा मंदिर परिसर**




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 10 अप्रैल 2024


**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां शारदा शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना की और कहा**



### प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामलला प्रभु श्रीराम के वस्त्रों की 'शैली' को बदला गया

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन श्री रामलला को 'पहनाए' गए चांदी-सोने की हस्त-छपाई वाले खादी के वस्त्र

एजेंसी ⏭ अयोध्या

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रमी संवत 2021 को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या स्थित भगवाल श्री रामलला सरकार को विशेष वस्त्र पहनाए गए।

राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामलला प्रभु श्रीराम के वस्त्रों की 'शैली' को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिन्हों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली जरी से काढ़ा गया है। यह वस्त्र खादी कॉटन से निर्मित हैं एवं इन पर असली चांदी एवं सोने की हस्त-छपाई की गई है।

### गर्मी में भगवान पहनने लगे हैं कॉटन की पोशाक



कुछ दिनों पहले ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से यह जानकारी दी गई थी कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन तथा निरंतर बढ़ते तापमान को देखते हुए 30 मार्च 2024 से भगवान श्री रामलला सरकार सूती वस्त्र धारण करेंगे। प्रभु द्वारा उस दिन धारण किए गए वस्त्र हस्तनिर्मित सूती मलमल से बने थे, जिनको प्राकृतिक नील से रंगा गया था और गोटा पुष्पों से सजाया गया था।

### 50 क्विंटल फूलों से सज रहा राम मंदिर

राम मंदिर में 500 वर्ष के बाद श्री राम जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारी है। राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश के लिए तोरणद्वार बनाया जा रहा है। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और संगीत का कार्यक्रम होगा और राम नवमी के दिन श्री रामलला का भव्य अलौकिक शृंगार किया जाएगा।

## मैहर का मां शारदा धाम भी 'देवीलोक' के रूप में बनेगा

### नव संवत्सर की प्रदेशवासियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शक्ति की आराधना का चैत्र नवरात्रि पर्व मंगलवार से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां शारदा शक्तिपीठ मैहर पहुंचकर मां शारदा की पूजा-अर्चना करके प्रदेश में सुख व समृद्धि की कामना की।

### नवरात्रि हममें शक्ति संचय करती हैं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर पहुंचने के बाद सबसे पहले मां शारदा धाम पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी सांसद गणेश सिंह के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि साल में दो बार आने वाली यह नवरात्रि हमारा शक्ति संचय करती है।*

### मां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### नवरात्रि के पहले दिन बालाघाट पहुंचे पीएम मोदी ने 'तीसरे टर्म' के फैसलों का दिया 'संकेत'

# अभी तक के काम 'फुलझड़ी' जैसे, भारत के सामर्थ्य की दिवाली मनना अभी बाकी



### पीएम ने मोहन सरकार की खूब तारीफ की

पीएम ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार गरीब और आदिवासी समाज के कल्याण के लिए दिन-रात काम कर रही है लेकिन कांग्रेस आज भी पुरानी और कुत्सित मानसिकता में जकड़ी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालाघाट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवरात्रि के पहले दिन बालाघाट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने अभी तक जो भी काम किए हैं, वे फुलझड़ी जैसे है। भारत को ऊंचे लक्ष्य तक ले जाना है। भारत के सामर्थ्य की दिवाली मनना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग मेरी जिंदगी देख रहे हैं। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी मेहनत करता है, क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ये मेहनत मैं इसलिए कर रहा हूं कि हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

### मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी मेहनत करता है, क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े

**मोदी बोले...**

इंडी गठबंधन के लोग बिना किसी शर्म के खुलेआम भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे

मैं कहता हूं-भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ




### यह विकसित भारत और विकसित मप्र के संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला चुनाव

मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा का चुनाव भारत के लिए सबसे अहम है। यह महज चुनाव नहीं है। यह चुनाव नए भारत के निर्माण का चुनाव है। यह विकसित भारत और विकसित मप्र के संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला चुनाव है। कांग्रेस की पूर्व सरकारें अपनी समस्याएं लेकर दूसरे देशों में जाती थीं, अब समय बदल चुका है। आज विश्व के बड़े-बड़े देश मुद्दे लेकर हल करने के लिए भारत से बातचीत करते हैं। देश का ऐसा रुतबा देख कर हर हिंदुस्तानी का हौसला बढ़ जाता है।



### सीएम डॉ. यादव ने कहा

### प्रधानमंत्री मोदी सुशासन के प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपनी कर्मठता, कार्य कुशलता से जनता के बीच में सुशासन, पारदर्शिता की स्थापना करने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे बीच मौजूद हैं। मोदी जी सुशासन के प्रतीक हैं, सारे संसाधनों का बेहतर उपयोग करके दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार जनता से अपील की थी और हम सबने भी वह नारा दोहराया था, एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जनता ने इतना जबरदस्त प्रतिसाद दिया कि 163 सीटों के साथ मप्र में प्रचंड बहुमत की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि हमने इसी बालाघाट की धरती पर नया मेडिकल कॉलेज देने का प्रयास किया है।

### भ्रष्टाचार का पैसा जिस-जिस तिजोरी में गया है, उसे मैं बाहर निकालकर रहूंगा

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्होंने गरीबों का पैसा लूटा है, अब उनके ऊपर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। परिवारवादी पार्टियों के नेताओं के पास से सैकड़ों करोड़ रुपए बरामद हो रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता खुलेआम भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे हैं। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।*

### उमरिया मार्ग पर महिलाओं के साथ महुआ बीना



## राहुल ने शहडोल में बिताई रात जंगल में ढाबे पर किया डिनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

हेलीकॉप्टर में फ्यूल खत्म होने की वजह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शहडोल में रात गुजारनी पड़ी। रात को उन्होंने जंगल में ढाबे में जाकर रात्रिभोज किया। फिर सुबह पांच बजे उमरिया की हवाई पट्टी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। शहडोल से उमरिया तक वे सड़क मार्ग से गए।

रास्ते में महुआ बीन रही महिलाओं के साथ उन्होंने बातचीत की। इस दौरान महुआ भी बीना। राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के सिवनी और शहडोल लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने मध्य प्रदेश आए थे। उन्होंने सिवनी में सभा को संबोधित किया और फिर शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान में भी सभा ली। इसके बाद जब उन्हें लौटना था तब हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म हो गया। मौसम भी खराब हो चुका था। इस वजह से राहुल को रात शहडोल में गुजारनी पड़ी।


### सड़क मार्ग से गए उमरिया

शहडोल से राहुल को हेलीकॉप्टर से जाना था। इसके बजाय उन्होंने सड़क मार्ग को चुना। सुबह पांच बजे शहडोल से रवाना होने के बाद उमरिया कलेक्टर कार्यालय के पास रास्ते में गाड़ी रुकवाई और महुआ बीन रही महिलाओं के बीच पहुंच गए। वहां उन्होंने उनसे चर्चा की। उन्होंने महुआ अपने हाथ से बीना और टोकरी में रखा। उनसे उनकी समस्या भी जानी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम आपके हितों की रक्षा के लिए जरूर ठोस कदम उठाएंगे। आदिवासी महिला एवं पुरुषों के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। राहुल शहडोल के सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहरे थे। रात को पाली थाना क्षेत्र में मदारी ढाबा पर भोजन किया। उनके साथ पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और उमंग सिंघार भी मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

### बाजार में नए हाई पर सेंसेक्स ने 75000 छुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स मंगलवार को नए हाई पर खुले। आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी के कारण अमेरिकी बाजार में कमजोर रुख के बावजूद भारतीय बाजार में हरियाली दिखी।



एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के साथ 75,124 के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि व्यापक निफ्टी 50 ने 22,765 की नई ऊंचाई को छू लिया। दोनों सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे।

### बंद होने के बाद भी ट्रैक होगी फोन की लोकेशन

**नई दिल्ली।** गूगल ने एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार फाइंड माय डिवाइस नेटवर्क को लॉन्च कर दिया है।



इसकी घोषणा गूगल ने पिछले साल की थी और उसके बाद से इसकी लगातार टेस्टिंग हो रही थी। पिछले सप्ताह ही आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि फाइंड माय डिवाइस नेटवर को जल्द ही रिलीज किया जाएगा। यह नेटवर्क एपल के फाइंड माय एप की तरह काम करेगा।

### विक्रांत भूरिया का इस्तीफा

## मितेंद्र दर्शन सिंह होंगे युवक कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष

**विक्रांत के इस्तीफे की वजह पिता का चुनाव लड़ना**

**मितेंद्र के पिता दर्शन सिंह रहे ग्वालियर कांग्रेस अध्यक्ष**

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रात भूरिया ने मंगलवार की सुबह अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की और कुछ घंटे बाद ही उनके स्थान पर ग्वालियर के मितेंद्र सिंह को यह जवाबदारी सौंप दी गई। विक्रांत ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को भेजे अपने इस्तीफे में लिखा की उनके पिता कांतिलाल भूरिया रतलाम- झाबुआ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें चुनाव क्षेत्र में ज्यादा समय देना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा कि मैं संगठन में समय नहीं दे पा रहा हूं।

### आईबी ने किया था अलर्ट

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड कैटेगरी मिली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अब जेड कैटेगरी के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। आईबी की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो की तरफ से तैयार की गई रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त को खतरा बताया गया और इसमें यह सिफारिश की गई थी कि सीईसी को कड़ी सुरक्षा मुहैया कराई जाए। अब सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद देशभर में यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रहेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है।

- कमांडो और पुलिकर्मियों के अलावा कुल 22 कर्मी तैनात




## सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर नवसंवत्सर का स्वागत



**नीम मिश्रित जल से भगवान महाकाल का अभिषेक**

**उज्जैन।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर नगरवासियों ने मंगलवार सुबह 6 बजकर 27 मिनट पर सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य प्रदान कर नवसंवत्सर का स्वागत किया। मोक्षदायिनी शिप्रा के दत्तअखाड़ा, रामघाट तथा कमल सरोवर पर आयोजन हुए। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में नीम मिश्रित जल से भगवान महाकाल का अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। पुजारी नए पंचांग का पूजन किया। धर्मधानी में हिंदू नववर्ष का उत्सव मंगलवार सुबह 5 बजेब्रह्म मुहूर्त से शुरू हो गया।

## तीन घंटे में गिरा दस डिग्री पारा, दिन का तापमान 10 डिग्री गिरकर एकदम से नीचे आया

**बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश में रहेगा रेड, यलो और ऑरेंज अलर्ट**

# भोपाल-विदिशा में आंधी, बारिश, ओले आज भी दोपहर बाद 'बिगड़ेगा' मौसम

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी- चार दिन सक्रिय रहेगा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

सोमवार को आंधी, बारिश के बाद मंगलवार को भी प्रदेश के अधिकतर जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरे। छह बजे के पहले अचानक तेज आंधी के साथ बारिश हुई। कई जगह ओले भी गिरे हैं। पानी गिरने की वजह से तीन घंटे में ज्यादातर जगहों में दस डिग्री तक तापमान गिर गया। इधर, बुधवार को भी छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, सीहोर और नर्मदापुरम के पचमढ़ी में ओलावृष्टि, बिजली गिरने और 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान जताया है।



### यहां गिरेंगे ओले

बुधवार को भोपाल, खंडवा, बुरहानपुर, पांढुर्णा, रायसेन, विदिशा, सागर, दमोह, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, छतरपुर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, खरगोन, हरदा, अशोकनगर, मंडला, डिंडोरी, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर और देवास में गरज-चमक के साथ बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

### अगले 3 दिन यहां रहेगा बारिश का अलर्ट

बुधवार को सिवनी और बालाघाट में तेज आंधी, ओले गिरने के साथ बारिश भी हो सकती है। बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर में भी मौसम बदला रहेगा। गुरुवार को उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, जबलपुर, पन्ना, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी में गरज-चमक, हल्की बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने का अनुमान है।

### स्काईमेट का अनुमानः इस साल रहेगा सामान्य मानसून

## मप्र समेत 23 राज्यों में अच्छी बारिश होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**बिहार सहित 4 राज्यों में कम बारिश**

वेदर एजेंसी स्काईमेट ने मंगलवार को बताया कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में औसत या सामान्य बारिश होगी। मौसम विभाग 96 से 104 फीसदी के बीच बारिश को औसत या सामान्य मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है। इस साल के लिए मानसून की भविष्यवाणी अब तक जारी नहीं की है। एजेंसी मई में इसे जारी कर सकती है। स्काईमेट का अनुमान है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप में अच्छी बारिश होगी। बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त के दौरान सामान्य बारिश होगी। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान सामान्य बारिश होगी।

# कांग्रेस ने भगवान राम और नारी शक्ति का किया घोर अपमान

## पीलीभीत में चुनावी जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस पर जमकर साथ निशाना

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। 10 साल के कार्यकाल में यह पहला मौका था, जब पीएम मोदी यहां पहुंचे। पीएम ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।

पीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया और जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ करके प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया। लेकिन कांग्रेस ने आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया और जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।



### चेन्नई में पीएम का रोड शो

*चेन्नई। पीएम मोदी ने मंगलवार को चेन्नई में लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण चेन्नई निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तमिलिसाई सौंदर्यराजन के समर्थन में एक रोड शो के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।*

### भाजपा सरकार ने कम की गन्ना किसानों की परेशानी

*मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में गन्ना किसानों को कैसे अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता है। यह आपसे अच्छा कौन जानता है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया है। कई चीनी मिलें खुली हैं, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार किया जा रहा है। 10 वर्ष पहले किसानों की क्या हालत थी। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। किसानों पर लाठीचार्ज होता था। आज यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिल रही है। यूरिया की बोरी दुनिया में तीन हजार में मिलती है, लेकिन हमारी सरकार 3 सौ से कम में देती है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। किसानों के बैंक खातों में 70 करोड़ हजार रुपये मोदी सरकार ने पहुंचाया है। 850 करोड़.पीलीभीत के किसानों के बैंक खातों में पहुंचे हैं।*




### भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं

पीएम ने कहा कि सारी दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कभी कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित निकाला है।

### दुनिया में बज रहा भारत का डंका

मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके वोट से मजबूत सरकार बनी है। भाजपा सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से काम नहीं है। जब नीयत सही होती है। हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं।

### चंद्रयान ने चांद पर फहराया तिरंगा

हम लोग विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई आर्थिक ताकत बना है। हमारे चंद्रयान ने चांद पर तिरंगा फहराया। भारत में आयोजित जी-20 की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई है।

### पीलीभीत में बांसुरी से पीएम मोदी का किया स्वागत, नारी शक्ति ने भेंट की मां दुर्गा की तस्वीर

सीएम योगी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बांसुरी भेंटकर पीएम का स्वागत किया। जितिन प्रसाद और छत्रपाल गंगवार ने कमल पुष्प भेंट किया। नवरात्र के अवसर पर शक्ति स्वरूप महिलाओं ने मातारानी की चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। उन्हें मां दुर्गा की तस्वीर भी भेंट की।

### सभा में नहीं आए सांसद वरुण

पीलीभीत में पीएम मोदी ने पहली बार चुनावी सभा की, लेकिन जिले के सांसद वरुण गांधी नहीं आए। और न ही किसी की जुबान पर उनका जिक्र आया। भाजपा के पोस्टर-बैनर से भी वरुण गांधी गायब रहे।

### विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा

*विपक्ष के जो लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र लग रहा है। सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा है।*

## असम में चुनावी रैली में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह

# मोदी सरकार में एक इंच भी जमीन न कब्जा सका चीन



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम के लखीमपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोग यह कभी नहीं भूलेंगे कि देश के पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू ने 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान असम और अरुणाचल को अकेले छोड़ दिया था। शाह ने कहा, जब चीन का हमला हुआ..लड़ने की जगह नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। असम को छोड़ दिया था। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन देश की जमीन पर एक इंच भी कब्जा न कर सका। इस तरह का शासन नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा, अरुणाचल और असम 1962 को कभी नहीं भूल नहीं सकता। नरेंद्र मोदी के समय में उसने (चीन) डोकलाम में थोड़ी हिम्मत की..उसे 43 दिन तक रोककर रखा और पीएममोदी ने वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

### कांग्रेस ने लटकाए रखा राम मंदिर का मुद्दा

शाह ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने बांग्लादेश के साथ देश की सीमा को भी सुरक्षित किया और घुसपैठ को रोका। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में असम देश के अन्य राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बन जाएगा। वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था। प्रधानमंत्री मोदी के समय ही फैसला आया।

### चुनाव में आपके सामने दो विकल्प

शाह ने इस मौके पर कहा कि आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प हैं।एक विकल्प राहुल बाबा के नेतृत्व में इंडि अलायंस हैं और दूसरी और पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा है। आपको ये तय करने के लिए वोटिंग करनी है कि आने वाले 5 साल के लिए पीएम मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे और 400 पार के लक्ष्य के साथ फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी।

### एके एंटनी बोले — मेरा बेटा अनिल चुनाव हारना चाहिए



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा है कि वेचाहते हैं कि उनका बेटा अनिल एंटनी चुनाव हार जाए और उसके सामने चुनाव लड़ रहा कांग्रेस उम्मीदवार जीत जाए। केरल के तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एके एंटनी ने कहा कि उनका बेटा, अनिल के एंटनी, जो पतनमतिट्टा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहा है, वह चुनाव नहीं जीतना चाहिए।

### रायबरेली: ईरानी ने शंख बजाकर की माता रानी की पूजा



रायबरेली। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने नवरात्रि के पहले दिन माता के मंदिरों में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान परशुराम को तपोस्थली परशदेपुर में स्थित माता मिढ़ुरिन देवी धाम में भी पूजा अर्चना कर माता रानी से अपनी जीत और अमेठी की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शंख भी बजाया और लोगों को प्रसाद वितरित किया।

### जयराम का भाजपा पर हमला

### 'हम राम के पुजारी हैं, वे राम के व्यापारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।जयराम ने कहा कि कांग्रेस सदस्य भगवान राम के उपासक हैं और भाजपा व्यापारी हैं। राम मंदिर के के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए राजनीतिक कार्यक्रम था।

### चप्पलों की माला पहनकर चुनाव प्रचार कर रहा ये प्रत्याशी



अलीगढ़। निर्दलीय उम्मीदवार भी इस चुनाव में जोर-शोर से जुटे हैं और मतदाताओं का ध्यान खींचने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में, जहां एक निर्दलीय उम्मीदवार चप्पलों की माला पहनकर घूमता नजर आ रहा है। केशव देव को निर्वाचन आयोग से चप्पल का चुनाव चिन्ह मिला है।

## खबर संक्षेप

### केरल में दुष्कर्म में वृद्ध को तिहरी उम्रकैद व जुर्माना

**तिरुअनंतपुरम।** केरल की कोर्ट ने 2018 में नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में 60 वर्षीय वृद्ध को दोषी मानते हुए तिहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मौत होने तक दोषी जेल में ही रहेगा।



कोर्ट ने 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न करने के दोषी पर 4.60 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोषी को कुल 25 साल की अलग-अलग अवधि की सजा दी ।

### तिरुपुर में बड़ा हादसा बच्ची सहित 5 की मौत

**तिरुपुर।** तमिलनाडु के ओलापलायम के पास कार और बस की टक्कर हो गई।हादसे में एक ही परिवार को 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 3 महीने की बच्ची भी शामिल है।कारसवार लोग थिरुकादैयुर में एक मंदिर से लौट रहे थे, तभी तिरुपुर से तिरुचिरापल्ली जा रही राज्य सरकार कीबस विपरीत दिशा में आ गई और मंगलवार तड़के ओलापलायम के पास वाहन आमने-सामने टकरा गए।



### 'आप' के अमानतुल्ला 20 अप्रैल को हाजिर हों

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्ला खान को नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने कई धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया। आरोप है मानदंडों और दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर अवैध भर्ती की।



## बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

# पुलिस ने शिकायतकर्ता तीन अधिकारियों को भेजा समन



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने एनआईए टीम पर हमले के मामले में एनआईए के दो अधिकारियों को समन जारी किया है। इसमें पुलिस ने हमले की शिकायतकर्ता दोनों अधिकारियों और हमले में घायल हुए एक अधिकारी को भी बुलाया है।

हमले में घायल अधिकारी को बतौर गवाह बुलाया गया है। घायल अधिकारी को अपने मेडिकल दस्तावेज भी लाने को कहा गया है। पुलिस ने एनआईए अधिकारियों को हमले में क्षतिग्रस्त हुई कार को भी लाने को कहा है। अधिकारियों को 11 अप्रैल को पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है।

### साथ ही ग्रामीणों को भेजा समन

भूपतिनगर पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारियों ने एनआईए टीम पर हमले के मामले में तीन ग्रामीणों को भी समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ग्रामीणों को अगले दो से तीन दिनों के भीतर पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची एनआईए

एनआईए ने बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की एफआईआर को रद्द कराने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। एनआईए ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। एनआईए ने बंगाल पुलिस की किसी भी कार्रवाई से बचाव की भी अपील की है।

### एनआई के कोलकाता एसपी दिल्ली पहुंचे

एनआईए कोलकाता के एसपी डीआर सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र तिवारी के बीच कथित मुलाकात को लेकर जारी विवाद के बीच एसपी सिंह दिल्ली पहुंचे। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों ने कहायह एक 'नियमित' दौरा था, न कि 'वापसी' आदेश। अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी में सीटों का बंटवारा तय

*कांग्रेस को यहां 17 सीटें मिलीं*

# शिवसेना के उद्धव गुट को मिलीं सबसे अधिक 21 सीटें तो राकांपा को मात्र 10

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल हो गई है। सीटों के बंटवारे की घोषणा महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दलों की सहमति से मंगलवार को की गई है।

सबसे ज्यादा 21 सीटें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी की ओर से सीटों के बंटवारे की जानकारी मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी गई है। इस मौके पर राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले उपस्थित थे। बंटवारे के अनुसार शिवसेना यूबीटी 21, कांग्रेस पार्टी 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

### एमवीए ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में किया इसका ऐलान




### कांग्रेस को अकोला, अमरावती, नागपुर समेत मिलीं ये सीटें

कांग्रेस पार्टी नंदुरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा गोंदिया, गढ़चिरौली चिमूर, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई उत्तर मध्य, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर, रामटेक, उत्तर मुंबई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राकांपा (एसपी) बारामती, शिरूर, सतारा, डिंडोरी, माधा, रावेर, अहमदनगर, बीड, वर्धा, भिवंडी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसी तरह शिवसेना (यूबीटी) बुलढाणा, यवतमाल, मावल, सांगली, हिंगोली, संभाजीनगर, धाराशिव, शिरडी, नासिक, रायगढ़, सिंधुदुर्ग, ठाणे, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई साउथ, कल्याण, हातकणंगले, पालघर, जलगांव, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई दक्षिण मध्य, परभणी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### आखिरकार सहयोगी दलों से बनी सहमति

शरद पवार ने बताया कि सीटों का बंटवारा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से हुआ है। सभी दलों के नेता साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीटें जीतने की प्राथमिकता है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महाराष्ट्र से संबंधित मुद्दों को जोड़ा जाएगा और महाविकास आघाड़ी के सहयोगी पक्ष साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में महंगाई, बेरोजगारी, युवकों की समस्याएं, आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्या को चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। हम किसी पर निम्न स्तर की आलोचना नहीं करेंगे, लेकिन अगर किसी ने की तो उसका जवाब दिया जाएगा।

### एमवीए के प्रमुख नेता रहे मौजूद

राकांपा (शरद गुट) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने संवाददाता सम्मेलन में सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले का ऐलान किया। उनका सामना भाजपा, एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और अजित पवार वाली एनसीपी से होगा। राज्य में 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में वोट पड़ेंगे।

## जल जीवन मिशन देश में तेजी से आगे बढ़ रहा

# नल से जल पहुंचाने में नीलगिरी प्रथम और महोबा दूसरे नंबर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोगों के घर नल से जल पहुंचने वाला जल जीवन मिशन देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों के घर तक नल से जल पहुंचाने में सबसे तेजी से देश में पहला स्थान तमिलनाडु के नीलगिरी ने हासिल किया है तो यूपी के महोबा जनपद ने देश में दूसरा स्थान और प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

इस योजना में सबसे तेजी से यूपी में आगे बढ़ रहा है। देश के टॉप 10 जिलों में यूपी के बुंदेलखंड से दो जिलों को स्थान मिला है। केंद्र ने पिछले माह मार्च में हुई प्रगति के आधार पर पूरे देश के 299 जिलों की रैंक जारी की है।

### 299 जिलों में नीलगिरी रहा अव्वल



उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन योजना में देश के अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। हर घर में पाइप लाइन से पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है। जल जीवन मिशन की ऑनलाइन प्रगति की फीडिंग की जाती है। वहीं प्रदेश में महोबा जनपद को पहला स्थान मिला हुआ है और साथ ही बुंदेलखंड के हमीरपुर जनपद को देश में नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में 80.84 फीसदी काम योजना का पूर्ण हो चुका है।

### टॉप 10 जिले: 75-82 फीसदी तक हो चुका काम

नीलगिरी 81.48 %, महोबा उ.प्र. 80.84 %, कुड्डालोर 80.06%,मेरठ 79.75%, ललितपुर 77.61%, तिरुवन्नामलाई 77.07%, मीरजापुर 76.04% ,हापुड़ 76.66%, हमीरपुर 76.55%,बुलंदशहर 76.40 %।


## महिला उत्पीड़न के मामलों पर बोला हाई कोर्ट

# अब भी बिना सबूत पति के रिश्तेदार हो रहे गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पत्नी या फिर बहू से क्रूरता के मामलों में आज भी ससुराल वालों पर बिना सबूत के केस दर्ज किए जा रहे हैं। कर्नाटक हाई कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी की है। बेंच ने यह भी कहा कि पति और पत्नी के बीच मामूली विवादों के मामले भी अदालतों में पहुंच रहे हैं।

यह ध्यान देने योग्य बात है कि आईपीसी के सेक्शन 498ए का आज भी गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। ससुराल के तमाम सदस्यों को भी इसमें नामजद कर दिया जाता है। कई बार ऐसे परिजनों पर भी केस दर्ज होते हैं, जो कहीं और रहते हों।




### अन्य आरोपों में केस दर्ज करा रहे

कोर्ट ने कहा कि कई बार इस बात का सबूत भी नहीं होता है कि पति-पत्नी के झगड़े में परिजनों की क्या भूमिका थी? इसके बाद भी केस दर्ज कर लिए जाते हैं। जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने कहा कि कई बार झगड़े की वजह कुछ और होती है, लेकिन अन्य आरोपों में शिकायत दर्ज करा दी जाती है। ऐसा इसलिए होता है ताकि सेक्शन 498ए के तहक केस दर्ज हो और परिजनों को जेल हो।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट



### हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने हाल ही में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है। सप्तपदी ही हिंदू विवाह का एक आवश्यक समारोह है और हिंदू विवाह अधिनियम में शादी के लिए कन्यादान का प्रावधान नहीं है।न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने गत 22 मार्च को आशुतोष यादव द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

जबलपुर
बुधवार, 10 अप्रैल 2024
- चैत्र मास शुक्ल पक्ष-2
- वर्ष : 18 अंक : 335
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 34
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8

देश के लिए संकट बनते खर्चीले

मैट्रो
14 बुक सेलर के प्रतिष्ठानों में प्रशासन ...

## 5 घंटे में 60 लाख की डकैती का खुलासा नाबालिग नौकर ही निकला 'मास्टरमाइंड'

नाबालिग नौकर ने चार दोस्तों की गैंग बनाकर डॉक्टर के घर डाली थी डकैती, घटना सही लगे इसलिए नौकर ने दोस्तों से खुद को पिटवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा बी सेक्टर में डॉक्टर के घर डकैती डालने वाला मास्टरमाइंड कोई और नहीं उनके घर में काम करने वाला 15 साल का एक नाबालिग नौकर ही निकला।

नाबालिग नौकर ने मंडीदीप के अपने चार दोस्तों की गैंग बनाकर डॉक्टर के घर बीती रात डकैती डाली। हथियारों से लैस होकर ये गैंग 50 लाख नकदी, डायमंड के गहने, सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 60 लाख का माल लेकर फरार हो गई। पुलिस ने पांच घंटे में डकैती की घटना का पर्दाफाश कर नौकर और उसके चार साथियों को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों से 49 लाख नकद, डायमंड का हार और सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**इस नौकर का डॉ. अंशुल ने पुलिस वेरीफिकेशन नहीं कराया था**

**डॉ. अंशुल सिंह शाहपुरा के बी सेक्टर 234 में रहते हैं और जेके हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं**







### सोमवार रात करीब सवा ग्यारह बजे हुई वारदात

हरिनारायण चारी मिश्र, पुलिस कमिश्नर के मुताबिक डॉ. अंशुल सिंह शाहपुरा के बी सेक्टर 234 में रहते हैं और जेके हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। सोमवार रात वे परिवार के साथ बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए नूर उस सबाह होटल गए हुए थे। वारदात सोमवार रात करीब सवा ग्यारह बजे हुई, जब हथियारबंद बदमाश डॉक्टर के घर में घुस गए और नौकर-नौकरानी के साथ मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने घर में जमकर तोड़फोड़ भी की। जन्मदिन मनाने के बाद जब डॉक्टर घर लौटे तो इस वारदात के बारे में बता चला।

## खबर संक्षेप

### 15 से शुरू होगा अमरनाथ यात्रा का पंजीयन

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। जानकारी के मुताबिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। यात्रा रुकने की स्थिति में रामबन, जम्मू श्रीनगर में प्रबंध किए जाएंगे।



### बसपा के प्रत्याशी का निधन, लोस चुनाव स्थगित

**बैतूल।** पूर्व जनपद सदस्य एवं लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा के प्रत्याशी अशोक पिता मोतीराम भलावी निवासी सोहागपुर सापना का अचानक दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार 9 अप्रैल को निधन हो गया। भलावी वर्तमान में बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में थे। भलावी के निधन से सभी दलों में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन से चुनाव प्रक्रिया स्थगित हो गई।



### पुल से नीचे गिरी कार दंपती की मौत

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेगमगंज में बिजली के खंभों के बीच से निकलते हुए तेज रफ्तार कार पुलिया से 12 फीट नीचे गिर गई। इस हादसे में बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई है। जबकि, चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना तड़के 4 बजे की है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सिविल अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया है।



दिल्ली हाई कोर्ट से सीएम केजरीवाल को लगा बड़ा झटका, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा

## ईडी ने 'पर्याप्त सुबूत' के आधार पर केजरीवाल को अरेस्ट किया

### यानी, अभी तिहाड़ जेल से ही सरकार 'चलाएंगे' अरविंद केजरीवाल

*कोर्ट ने कहा- ईडी के सबूतों से साफ है गोवा चुनावों में पैसा पहुंचा, केजरीवाल की गिरफ्तारी सही*

केजरीवाल ने हाई कोर्ट में ईडी की रिमांड को चुनौती दी थी और अपनी गिरफ्तारी को गलत बताया था, वे न्यायिक हिरासत में

जज ने केजरीवाल की उस दलील को भी खारिज कर दिया कि जिसमें गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाए गए थे। जज ने कड़े शब्दों में कहा कि कोर्ट राजनीति का अखाड़ा नहीं है। जज कानून से चलते हैं, राजनीति से नहीं। सीएम समेत सभी के लिए कानून बराबर हैं।

**केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था**



**न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अपना आदेश सुनाया**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस बीच मंगलवार दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। अरविंद केजरीवाल ने हाई कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड को चुनौती दी थी और अपनी गिरफ्तारी को गलत बताया था।

हालांकि उनकी याचिका खारिज हो गई और उन्हें कोई राहत नहीं मिली। याचिका पर सुनवाई पहले ही पूरी हो चुकी थी और अब फैसला आया। कोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता ने जमानत के लिए याचिका नहीं लगाईं है बल्कि अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। जज ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ये केस जमानत पर सुनवाई का नहीं है, बल्कि गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती दी गई है। ईडी ने जो तथ्य अदालत के सामने रखे हैं, उसके मुताबिक़ केजरीवाल इस घोटाले की साज़िश में शामिल हैं।

### कोर्ट ने कहा कि अप्रूवर पर कानून 100 साल पुराना

कोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता ने गिरफ्तारी को गलत बताया है। कोर्ट ने कहा कि ईडी ने अपराध माना है। कोर्ट ने कहा कि अप्रूवर पर कानून 100 साल पुराना है। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री को विशेषाधिकार नहीं है। केस केंद्र और केजरीवाल के बीच का नहीं बल्कि केजरीवाल और ईडी के बीच का है। इसलिए ये याचिका खारिज की जाती है। केजरीवाल की गिरफ्तारी शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में हुई है और उनकी गिरफ्तारी वैध है। कोर्ट ने फैसले के दौरान पहले ही साफ कर दिया कि याचिका जमानत के लिए नहीं थी बल्कि गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए थी। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाया और कहा कि यह लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लेवल प्लेइंग फील्ड समेत संविधान का उल्लंघन बताया है। हाई कोर्ट में ईडी ने भी दलील दी थी और केजरीवाल को शराब घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता बताया था।

### कोर्ट ने कहा- ईडी ने नियमों का पालन किया

हाईकोर्ट ने आगे कहा कि जो दस्तावेज ईडी ने अदालत में दिए हैं, उसके हिसाब से सभी नियम का पालन किया गया है। जांच एजेंसी ने पर्याप्त सबूत दिए हैं, जिसमें गोवा के उम्मीदवार का बयान भी शामिल है, जिसमें उसने पैसे मिलने की बात स्वीकार की है। इस दौरान जज ने एनडी गुप्ता और 'आप' उम्मीदवार के बयान का भी जिक्र किया।

### आज फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

आम आदमी पार्टी हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। बताया जा रहा है बुधवार को केजरीवाल की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की जाएगी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब तक जो तथाकथित आबकारी नीति में हुआ है उसको देखकर समझकर ये बात कही जा सकती है कि पूरा मामला मनी लांड्रिंग का नहीं बल्कि हिंदुस्तान के इतिहास का राजनीति षड्यंत्र है।

दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा मतदान

## तेरह राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 1210 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

88 संसदीय क्षेत्रों के लिए भरे गए थे नामांकन



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे।

दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल थी। दाखिल 2633 नामांकनों की जांच में 1428 नामांकन वैध पाए गए। सभी 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि सोमवार 08 अप्रैल थी।

दूसरे चरण में केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिकतम 500 नामांकन किए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 14 संसदीय क्षेत्रों से 491 नामांकन हैं। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक 92 नामांकन प्राप्त हुए।

### 2633 नामांकन पत्र किए गए थे दाखिल

आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए 2633 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें से 1428 सही पाए गए। नाम वापसी के बाद संख्या 1206 रह गई। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार इस चरण में असम 61, बिहार 50, छत्तीसगढ़ 41, जम्मू-कश्मीर 22, कर्नाटक 247, केरल 194, मध्य प्रदेश 88, महाराष्ट्र 204, राजस्थान 152, त्रिपुरा 9, उत्तर प्रदेश 91 और पश्चिम बंगाल 47 उम्मीदवार चुनाव

### 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 1625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 1625 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1491 पुरुष उम्मीदवार और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

टोरिया नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा

## ट्रक से स्कूटी की टक्कर तीन युवकों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर




स्कूटी पर सवार होकर छतरपुर से पन्ना जा रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जहां बमीठा थाना क्षेत्र के टोरिया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार स्कूटी ट्रक से टकरा गई।

हादसे में 3 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना मिलते ही एसपी अगम जैन घटना स्थल पहुंचे हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक पन्ना के पुरुषोत्तमपुर के रहने वाले हैं, जो छतरपुर से पन्ना जा रहे थे। घटना देर रात करीब 1: 30 बजे की बताई जा रही है। हादसे में पन्ना के पुरुषोत्तमपुर निवासी लक्ष्मण कुशवाहा उम्र 25 वर्ष, नीरज रैकवार उम्र 17 वर्ष, सुनील रैकवार उम्र 25 वर्ष की मौके पर मौत हो गई।

19.48 करोड़ के घोटाले का मामला


## आरजीपीवी के पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



करोड़ों के घपले घोटाले में फंसे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। 19.48 करोड़ रुपए के एफडी घोटाले में दोषी पाए गए प्रो. सुनील कुमार फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। बता दें कि हाल ही में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों सीएम हाउस का घेराव कर इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके पहले राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हुए घपले घोटाले सामने आने के बाद कुलपति सहित कुल सचिव और एकाउंटेंट के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किए गए थे।

## तीर्थयात्रियों को पंजीकरण करना होगा अनिवार्य




### दस मई को खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**नई दिल्ली।** श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के कार्यालय में मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया। समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल व सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता कर कपाट उद्घाटन के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। चैत्र मास के नवरात्र के दिन गंगोत्री धाम के कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया है।

चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में लगी आग

## भीषण आग में 6 जिंदा जले, 2 की हालत गंभीर

लोग गेहूं काटने के बाद दोपहर में आकर खाना बनाने के बाद सो गए थे

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के रोहतास में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां चूल्हे से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लगी और पूरे में में फैल गई। आग इतनी तेजी से फैली की घर के लोगों को निकलने का मौका ही नहीं मिला। अंततः हादसे में 8 लोग जिंदा जल गए जिसमें से 6 लोगों की मौत हो गई। दो का उपचार नजदीकी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।कछवां थाना के इब्राहिमपुर पुल के समीप मंगलवार को एक झोपड़ी में लगी आग से मृतकों में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना के बड़हरा टोला निवासी देवराज चौधरी की पत्नी 30 वर्षीय पुष्पा देवी उनके छह वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार, पुत्री चार वर्षीय काजल कुमारी व एक साल की बच्ची गुड़िया, तरारी थाना भोजपुर के रामनगर निवासी श्यामा चौधरी की छह वर्षीय पुत्री कांति कुमारी, वीशावदर थाना, जूनागढ़ गुजरात के लेभद्रा निवासी दीपक चौधरी की 25 वर्षीय पत्नी माया देवी शामिल हैं।



नई पहलः सीजेआई ने युवा वकीलों के लिए कोर्टरूम में लगवाए स्टूल

## अपनी चेयर छोड़ स्टूल पर युवा वकीलों के साथ बैठे सीजेआई चंद्रचूड़, लोग हैरान

चंद्रचूड़ ने सभी वकीलों से कहा कि जो लोग इस केस से संबंधित नहीं हैं, वे इन युवा वकीलों के लिए कुर्सी खाली कर दें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संविधान पीठ मंगलवार को तीसरे दिन औद्योगिक शराब पर कर लगाने और उसे विनियमित करने की राज्य की शक्तियों से संबंधित मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ इस पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे। खंडपीठ में उनके अलावा जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस एएस ओका, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्जल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे लेकिन बहस के बीच सीजेआई ने अचानक सुनवाई रोक दी।

एसजी ने कहा

आज का कदम न केवल अभूतपूर्व है बल्कि सभी अदालतों द्वारा इसका पालन करने की आवश्यकता है।



### स्टूल पर बैठकर सीजेआई ने जांचा

लंच के बाद जब दोबारा मामले की सुनवाई शुरू हुई तो सभी यह देखकर हैरान रह गए कि सीजेआई डायस पर 9 जजों के बीच अपनी चेयर पर न बैठकर नीचे युवा वकीलों के बीच आकर बैठ गए। दरअसल, उनके ही निर्देश पर कोर्ट रजिस्ट्री ने युवा वकीलों के लिए लंच के दौरान स्टूल लगवाए थे। इतना ही नहीं स्टूल लगाने के बाद कोर्ट शुरू होने से पहले ही सीजेआई ने डायस की बजाए पहले कोर्टरूम में वकीलों की जगह पर पहुंच गए।

### सीजेआई उदारता के प्रतीकः एसजी

एसजी तुषार मेहता ने कहा सीजेआई उदारता के प्रतीक हैं आज का कदम न केवल अभूतपूर्व है बल्कि सभी अदालतों द्वारा इसका पालन करने की आवश्यकता है। न्यायिक पदानुक्रम के सर्वोच्च पद पर बैठा एक व्यक्ति बिना किसी के बताए भी युवा वकीलों की परेशानी के प्रति इतना असाधारण रूप से विचारशील है, यह सलाम के योग्य है। आज सभी युवा वकीलों के पास आभार व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं थे.. मैं अभिभूत हूं।

**लोकसभा क्षेत्र**
**बालाघाट**

**1 भाजपा प्रत्याशी**
भारती पारधी

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
सम्राट सरसवार

**पिछली बार कौन जीता**
ढाल सिंह बिसेन

**जीत का अंतर**
2 लाख 42 हजार 66

## क्या रहेंगे मुद्दे?

बालाघाट संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों पर भी चुनाव लड़ा जा रहा है। कांग्रेस ने यहां किसान कर्जमाफी और धान के समर्थन मूल्य को मुद्दा बना दिया है। इसे लेकर एक किसान ने भाजपा की भारती पारधी की गाड़ी ही रोक ली थी। कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र में किए गए वादे बताए जा रहे हैं। 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस महिलाओं के बीच बताती है कि लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए मासिक देने का वादा किया गया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। इधर, भाजपा राम लहर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को गिना रही है।

### तीनों प्रमुख प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे, भाजपा के पक्ष में हवा, कुछ मसलों पर नाराजगी भी

# बालाघाट में भारती और सम्राट के बीच कड़ा मुकाबला

*बालाघाट में हमेशा की तरह मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही संभावित है, लेकिन इनका खेल बिगाड़ने बसपा ने भी मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भाजपा ने पार्षद भारती पारधी को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार पर भरोसा किया है। क्षेत्र के तेजतर्रार समाजवादी नेता कंकर मुंजारे बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। देश, प्रदेश की तरह बालाघाट में माहौल भाजपा के पक्ष दिख रहा है, लेकिन कई मसलों पर पार्टी का विरोध भी है। सांसद ढाल सिंह प्रचार में सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन अपनी बेटी मौसम के लिए टिकट मांग रहे थे। बेटी को टिकट न मिलने से गौरीशंकर भी असंतुष्ट हैं, लेकिन भाजपा के मंचों पर काम करते दिख रहे हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

महाकौशल अंचल की बालाघाट लोकसभा सीट का 2019 का चुनाव ढाल सिंह बिसेन ने लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर से जीता था। बालाघाट में भाजपा की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत थी, लेकिन पार्टी ने अपने इस सांसद का टिकट काट कर नगर पालिका की पार्षद भारती पारधी को दे दिया। प्रत्याशी घोषित होते ही लगाए गए पहले बैनर से ही ढाल सिंह बिसेन का फोटो गायब था। बिसेन की टिप्पणी थी, लीजिए अभी से मेरी फोटो हट गई। ऐसे में ढाल सिंह से ईमानदारी से काम की उम्मीद कैसे की जा सकती है। प्रचार अभियान से वे दूरी बनाए दिख


भारती पारधी


सम्राट सरसवार

भी रहे हैं। बालाघाट भाजपा के कद्दावर नेता गौरीशंकर बिसेन काम तो कर रहे हैं, लेकिन पूरी ताकत से नहीं, क्योंकि वे बेटी के लिए टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। बावजूद इसके माहौल भाजपा के पक्ष में ज्यादा दिख रहा है। कांग्रेस के सम्राट सरसवार भी कमजोर प्रत्याशी नहीं हैं। वे जिला पंचायत अध्यक्ष हैं और उनके पिता विधायक रहे हैं। बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे उस स्थिति में भी कांग्रेस का पूरी ताकत से प्रचार कर रही हैं, जब उनके पति कंकर मुंजारे बसपा के टिकट पर मैदान में हैं। इस चुनाव में पति-पत्नी में ऐसे मतभेद हुए कि कंकर मुंजारे घर छोड़कर एक झोपड़ी में रहने पहुंच गए हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रयास से जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे और एक अन्य नेता नगपुरे ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। क्षेत्र में लोधी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। वे इस समाज को साधने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीट में जातीय आधार पर भी वोट पड़ते हैं। इसे ध्यान में रखकर पार्टियां टिकट देती हैं और जातीय समीकरणों को साधने की कोशिश होती है। चर्चा है कि जातीय समीकरणों के तहत भाजपा ने रणनीति के तहत कंकर मुंजारे को चुनाव लड़ाने में भूमिका निभाई है ताकि लोधी मतदाता कांग्रेस के पक्ष में एकमुश्त न जा सके।

### विस में भाजपा-कांग्रेस की ताकत बराबर

विधानसभा में सदस्यता के लिहाज से भाजपा और कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में दोनों दलों के पास 4-4 हैं। 4 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में लांजी, कटंगी, बरघाट और सिवनी भाजपा ने जीती थीं, जबकि बैहर, परसवाड़ा, बालाघाट और बारासिवनी में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस ने चार सीटें 56 हजार 697 वोटों के अंतर से जीती है, जबकि भाजपा की जीत का अंतर 60 हजार 203 वोटों का रहा है। लोकसभा चुनाव में वोटों के अंतर को कवर करना कठिन नहीं है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी नतीजे लगभग इसी तरह के थे, लेकिन भाजपा ने ढाई लाख वोटों के अंतर से लोकसभा चुनाव जीत लिया था। इसकी वजह राष्ट्रीय स्तर भाजपा के पक्ष में बना माहौल रहा है। यह माहौल इस चुनाव में भी देखने को मिल रहा है।

### दो जिलों तक फैला है बालाघाट लोकसभा क्षेत्र

महाकौशल की बालाघाट लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र दो जिलों तक फैला है। इसके तहत बालाघाट जिले की 6 एवं सिवनी जिले की 2 विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें बालाघाट जिले की बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी और सिवनी जिले की दो विधानसभा सीटें बरघाट, सिवनी शामिल हैं। जहां तक बालाघाट सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 1996 में यहां से कांग्रेस के विश्वेश्वर भगत जीते थे। इसके बाद से लगातार भाजपा का कब्जा है। दो बार गौरीशंकर बिसेन और एक बार प्रहलाद पटेल बालाघाट से सांसद रहे हैं। केडी देशमुख, बोध सिंह भगत और ढाल सिंह बिसेन भी एक-एक बार चुनाव जीते हैं। आमतौर पर बालाघाट में हार-जीत का अंतर एक लाख से कम रहा है, लेकिन 2019 में पहली बार भाजपा ने लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह रिकार्ड टूटता है या नहीं, नतीजे बताएंगे।

### क्षेत्र में पंवार, लोधी और मरार समाज का दबदबा

बालाघाट क्षेत्र में पंवार, लोधी और मरार समाज का बोलबाला है। लगभग हर चुनाव में जातीय समीकरण मुख्य भूमिका निभाते हैं। भाजपा की भारती पारधी पंवार समाज से हैं। उन्हें इसका लाभ मिलेगा। दूसरे नंबर पर लोधी समाज है। पंवार और लोधी समाज में अदावत रहती है। कांग्रेस के सम्राट सरसवार कलार समाज के हैं, लेकिन इन्हें लोधी समाज का समर्थन मिल सकता है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे इसी समाज से हैं। बसपा से चुनाव लड़ रहे कंकर मुंजारे का भी समाज में असर है। तीसरे नंबर पर है मरार समाज। इस समाज से कांग्रेस की हिना कांवरे आती हैं। समाज को कांग्रेस के पक्ष में वे कितना कर पाती हैं यह देखने लायक होगा। कलार समाज की तादाद चौथे नंबर पर है।

---

**जो हो न सका...**

## पिछले 15 साल से भोपाल में थोक बाजार बनने का इंतजार, सामान के लिए भटकते हैं खरीदार

राजधानी में थोक व्यापार करने वाले सभी संस्थान एक जगह लाने के लिए पिछले 15 साल से प्रयास चल रहे हैं, लेकिन कई वादे के बाद भी थोक बाजार नहीं बन पाया। इस बाजार के न बनने से सबसे बड़ी परेशानी यह है कि तंग सड़कों और गलियों में भारी वाहन आ तो जाते हैं, लेकिन ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। साथ ही थोक व्यापार करने वाले संस्थान शहर में बिखरे हुए हैं, जिससे लोगों को खरीदारी करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों ने व्यापारियों को आश्वासन भी दिया था कि जीतने के बाद सबसे पहला काम यही होगा कि भोपाल में थोक बाजार बन जाए। इसके लिए करोंद की अनाज मंडी में स्थान भी आरक्षित कर दिया गया था, लेकिन हर बार

**व्यापारियों को सुविधा नहीं मिली**

पुराने शहर में शहर का सबसे बड़ा थोक बाजार है। यहां करीब 500 व्यापारी हैं। हर रोज कई टन सामान बड़े वाहनों से आता है। जगह की कमी से स्थिति खराब होती है। इस मामले में व्यापारियों ने बताया कि वह करोंद मंडी में जाने को तैयार हैं। इसके लिए मंडी में जगह भी है। मामला अब तक चर्चा के बीच अटका है। कई बार मंडी सचिव से इस संबंध में बात भी की गई, लेकिन नतीजा नहीं निकला और फिर वही जो हो न सका।

**चाय पे चर्चा**

## एक ही दल का प्रत्याशी जीतता रहेगा, तो विकास पर पड़ेगा प्रभाव, बदलाव जरूरी

▶▶ भेल नगर सब्जी मंडी स्थित एक चाय दुकान पर आम लोगों ने की लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा

पिछले पैंतीस साल से भाजपा के कब्जे की लोकसभा सीट जीतना आसान तो नहीं है, लेकिन इन सालों में कांग्रेस ने लगातार संघर्ष किया है। इस बार कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। उम्मीद है कि लोकसभा क्षेत्र का मतदाता बदलाव करेगा। नहीं वर्तमान में मोदी लहर चल रही है, ऐसे में कुछ नहीं होने वाला, भाजपा के आलोक शर्मा को रिकार्ड जीत मिलेगी।

यह बातचीत है भेल नगर सब्जी मंडी स्थित एक चाय दुकान पर चाय की चुस्कियां लेने वाले आम मतदाता की।



यहां चाय पी रहे जितेंद्र सोनी ने भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को सही बताया, वहीं देशराज लोधी ने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार इस बार भी रिकार्ड मतों से जीतेगा। पास ही खड़े राजेश सिंह और बोध सिंह ने कहा कि लंबे समय से भोपाल सीट से भाजपा के उम्मीदवार को जीत मिली है, ऐसे में बदलाव होना चाहिए। अगर एक ही पार्टी के उम्मीदवार को लगातार जीत मिलेगी, तो इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ेगा। इस बार मतदाताओं को चाहिए कि वह कांग्रेस के उम्मीदवार को वोट देकर जीत दर्ज कराएं।

## तीन नक्सली ने किया आत्मसमर्पण सुरक्षाबलों ने 2 को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है। जिसमे दो नक्सली को गिरफ्तार किया गया और तीन नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया और जेल भेजा गया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में सक्रिय दो नक्सली को गिरफ्तार किया गया और तीन नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। उप पुलिस अधीक्षक उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि चिंतलनार थानाक्षेत्र से दो नक्सली सोढ़ी लखमा (1 लाख) इनामी व पोडियामी पोज्जा ने आत्म समर्पण किया है। वही किस्टाराम इलाके से पोडियामी भीमा ने आत्मसमर्पण किया है। तीनों को प्रोत्साहन राशि दी गई। वही दूसरी और डीआरजी व जिला बल को कोत्तागुड़म के आसपास सर्चिंग के लिए जवानों को भेजा गया था। जहां जवानों को देख कुछ संदिग्ध भागने की कोशिश किए, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पोट्टम भीमा (एक लाख), हेमला भीमा को गिरफ्तार किया गया उनके पास से कॉर्डेक्स वायर समेत सामग्री बरामद हुई। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## दो बाइक टकराने से युवक की मौत, दो नाबालिग घायल

**कोरबा।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत को 24 घंटा भी नहीं बीता था कि पुनः सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो नाबालिग घायल हो गए। घटना कोरबा- हाटी मार्ग में घटित हुई और वैवाहिक कार्यक्रम की खुशियां मना रहे परिवार में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। बताया जा रहा है कि कोरबा-हाटी मार्ग पर दो बाइकों के मध्य आमने-सामने भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक में सवार दोनों नाबालिग बालक घायल हो गए। ग्राम सरईडीह निवासी दोनों नाबालिग तेज रफ्तार में जा रहे थे, इसी दौरान डोंगदरहा से अपनी बहन की शादी का कार्ड देकर लौट रहे युवक की बाइक उनसे टकरा गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। शवों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव स्वजनों को सौंप दिया।

## बस यात्री के बैग से मिले 17 लाख रुपए, किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की लगातार चेकिंग अभियान जारी है। रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र स्थित टोल नाका के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने बस यात्री के बैग से 16 लाख 90 हजार रुपए नगदी रकम जब्त की है। थाना पुलिस ने आगे की कार्रवाई को लेकर इनकम टैक्स विभाग को सौंपा है।

मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम सभी गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। इस मौके पर बस के साथ ही यात्रियों के बैग को भी चेक किया गया। इस दौरान एक यात्री के पास रखे बैग का चेकिंग किया गया। इसमें नगदी रकम होना पाया गया। पुलिस ने यात्री से बैग में रखे नगदी रकम के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किया गया। इस पर उस व्यक्ति ने पुलिस को गोलमोल जवाब देना शुरू किया। साथ ही नगदी रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इस पर उसके कब्जे से 16 लाख 90 हजार रुपए का नगदी रकम जब्त किया गया है।

**आरोपी दोनों सगे भाई गिरफ्तार**

## पुरानी रजिश में भाजपा नेता और भाई पर चाकू से हमला, किया बिलासपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जांजगीर चांपा जिले के भाजपा आईटी सेल संयोजक संतोष साहू और उसके बड़े भाई योगेश साहू पर पुरानी रंजिश को लेकर दो भाइयों ने चाकू से प्राणघात हमला किया है। जिसमें संतोष साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्रथिमक उपचार के बाद बिलासपुर में उपचार जारी है। वहीं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। दरअसल, सोमवार की रात करीब नौ बजे वार्ड नंबर छह में रहने वाले भाजपा आईटी सेल के संयोजक संतोष साहू के घर के सामने शराब के नशे में राजू बजाज (22) वर्ष और सोनू बजाज (26) पुरानी रंजिश रखते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। माना करने पर योगेश साहू पर पहले चाकू से हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव में आए भाजपा आईटी सेल के संयोजक संतोष पर चाकू से तीन बार हमला किया गया है।



### बनारी के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

घायल दोनों भाईयों को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया। जिसमें संतोष साहू की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं योगेश साहू का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस को चाकू मारने की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। आरोपी राजू बजाज और सोनू बजाज जो मोटर साइकिल से फरार हो रहे थे। जिन्हे गुरुकुल स्कूल बनारी के पास से घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अन्य सहयोगियों के होने की संभावना जताई गई है। पूर्व में आरोपी सोनू बजाज के खिलाफ धारा 354 का मामला सिटी कोतवाली में दर्ज है।

## सड़क हादसे में आरोपी फरार, युवकों ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, भागकर बचाई जान

**रायपुर।** राजधानी में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरक्षक के साथ मारपीट हुई है। इस घटना के बाद गोबरा नवापारा थाना में बदमाशों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। दरअसल, दो वाहनों की टक्कर की सूचना पर पुलिसकर्मी ग्राम सेमरा पहुंचे थे। पुलिसकर्मी घायल को उपचार के लिए ले जा रहे थे। इसी बीच शराब के नशे में धुत आरोपी पुलिसकर्मियों से उलझ पड़े। युवक जवानों से पहले आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस बात को लेकर नशे में धुत आरोपी एनु साहू, गणपत साहू, राधेश्याम साहू ने पुलिसकर्मियों से मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने पुलिसकर्मियों की वर्दी भी फाड़ दी। इस घटना के बाद गोबरा नवापारा थाना में एफआइआर दर्ज की गई है।

**मुख्यमंत्री ने थाटीपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को किया संबोधित**

## नारी शक्ति हमारे घर और देश का मान-सम्मानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नारी शक्ति हमारे घर और हमारे देश का मान-सम्मान है। हम कोई भी तीज-त्यौहार माताओं-बहनों के बिना नहीं मनाते हैं। भाजपा अपने कार्यक्रमों की शुरुआत बेटियों की पूजा के साथ करती है। हम उस देश में रहते हैं, जहां भारत माता को पूजा जाता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के थाटीपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इससे पहले यहां पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जोरदार स्वागत, सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम तो उस देव संस्कृति के लोग हैं, जो केवल अपने माता-पिता को देख ले तों सीधे-सीधे देवी-देवताओं से जुड़ जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजमाता सिंधिया का स्मरण करते हुए कहा कि वे हमारे लिए मां स्वरूपा थीं। जनसंघ के जमाने से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक उन्होंने भाजपा को थामा। वे उस जमाने में भी जनसंघ के लिए मोर्चा संभाले रहीं, जब देश में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। हर तरफ घोर अंधेरा था, लेकिन उनकी जीवटता को हमेशा याद किया जाएगा।




### महिलाओं के लिए कुछ नहीं कर सकी कांग्रेस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में कांग्रेस ने 70 साल तक शासन किया। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को 2018 में मौका मिला, लेकिन वे महिलाओं के लिए तो कुछ नहीं कर सके, बल्कि इंदौर से हीरो-हीरोइन को लाकर आईफा अवॉर्ड करवाने की तैयारी में थे, लेकिन उनकी यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। कांग्रेसियों के दिलों में महिलाओं के लिए वह मान-सम्मान कभी नहीं रहा। वे तो महिलाओं को भोग-विलास की वस्तु समझते हैं।

### सरकार ने बहनों को हमेशा प्राथमिकता दी

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारों ने हमेशा से बहनों को प्राथमिकता दी है। भाजपा की सरकारों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना शुरू की है।

**पीसीसी चीफ के आरोपों का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिया जवाब**

## सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त होना कांग्रेस और सपा के आपसी अंतर्द्वंद्व का नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आरोपों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि इंडी गठबंधन ठगबंधन है।



रामद्रोहियों को जनता बिल्कुल अवसर नहीं देगी। सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त होना कांग्रेस और सपा के आपसी अंतर्द्वंद्व का नतीजा है। मुझे नहीं कहना चाहिए क्या जुतमपेजार हुई थी विधानसभा चुनाव में। उस दौरान अखिलेश यादव ने क्या कहा था कमलनाथ को और कमलनाथ ने क्या कहा था। दोनों के आंतरिक झगड़े में सपा के प्रत्याशी ने क्या किया, हमारा इससे क्या लेना-देना। इंडी गठबंधन जो ठगबंधन है, जो घमंडियां गठबंधन है,। यह देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े होते हैं। वीडी ने कहा कि जिन्होंने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। उनको बुंदेलखंड की धरती पर न अवसर मिला है न मिलेगा। वे स्वतः ही मैदान छोड़ कर भाग गए। जनता के आशीर्वाद से कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा को सफलता मिलेगी।


### भाजपा में आने वालों की कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी

विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को पन्ना के भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 64523 बूथों में से संगठन एप में रियल टाइम अपलोड किए गए 47,179 ऑन रिकॉर्ड बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 64523 बूथों का आकड़ा आने पर संभवतः कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी।

## जबलपुर व कटनी के वकीलों में भारी आक्रोश

# पुलिस ने अधिवक्ता के दिवंगत पिता के विरुद्ध दर्ज कर ली एफआइआर

**जबलपुर। हाई कोर्ट व जिला अदालत में पैरवी करने वाले एक अधिवक्ता, जो पूर्व में हाई कोर्ट बार के कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं, के दिवंगत पिता के विरुद्ध पुलिस ने आंख मूंदकर एफआइआर दर्ज करने का गजब कर दिखाया। इस रवैये को लेकर जबलपुर व कटनी के वकील समुदाय के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ता संगठनों ने इस मामले में पुलिस के आला अधिकारियों से ठोस कार्रवाई की मांग की है।**



ऐसा न किए जाने पर आंदोलन के अलावा याचिका दायर करने की चेतावनी दी गई है। शिकायत के अनुसार 30 मार्च, 2024 को कोतवाली, कटनी में मनमानी को अंजाम दिया गया। इसके तहत मल्लू सोनी व प्रदीप सोनी के साथ विनोद सोनी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर ली गई। बावजूद इसके कि विनोद सोनी का कोरोना काल में छह अक्टूबर, 2020 को निधन हो चुका है। इसकी जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा व कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के संज्ञान में लाने के बाद भी त्रुटि सुधार जैसी समुचित कार्रवाई नदारद है। इस मामले में कोतवाली थाने के सहायक नगर निरीक्षक शशिभूषण दुबे व उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी सहित अन्य की भूमिका भी कठघरे में है। दरअसल, मूल विवाद बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई से जुड़ा था। पुरानी बस्ती में कार्रवाई करने गए बिजली विभाग के कर्मियों पर भीड़ ने हमला बोल दिया था। इसी मामले में दुर्भावनावश कतिपय दबाव या प्रलोभन में आकर पुलिस ने सोनी परिवार के सदस्यों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर ली। हड़बड़ी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिवंगत विनोद सोनी तक का नाम एफआइआर में शामिल कर लिया गया, जो कि चार वर्ष पूर्व दुनिया को अलविदा कह गए थे।

### वेतन संबंधी शिकायत पर निर्णय पारित करें : हाईकोर्ट

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने वेतन संबंधी शिकायत पर 15 दिन के भीतर विचार कर निर्णय पारित करें। जबलपुर निवासी भरत भूषण सिंह की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता जब प्राथमिक कृषि सहकारी समिति निरंदपुर में सेल्समेन के पद पर पदस्थ था, तब उसे अनियमितता की शिकायत पर निलंबित कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने 15 सितंबर 2023 को निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया था। अधिवक्ताद्वय ने बताया कि याचिकाकर्ता को अक्टूबर 2021 से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, इसलिए हाईकोर्ट आए।

## हाई कोर्ट ने वनों को उजाड़ने वालों को पट्टा वितरण पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने वनों को उजाड़ने वालों को कृषि व आवासीय पट्टा वितरण के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। कोर्ट ने पूर्व नोटिस का समय पर जवाब न दिए जाने पर नाराजगी जताई। इसी के साथ अंतिम मोहलत देते हुए हर हाल में जवाब पेश करने निर्देश दे दिए। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। जनहित याचिकाकर्ता बुरहानपुर निवासी पाडुरंग सहित अन्य पांच कृषकों की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। काफी सारी वन-भूमि पर अवैध कब्जे चिंताजनक हैं। इससे वृक्षों के साथ वन्य प्राणियों का जीवन संकट में है। वनों को बचाने के लिए साल 2001 में जनहित याचिका दायर हुई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कमेटी गठित की थी। कमेटी ने साल 2003 में अपनी अनुशंसाओं की रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। आरोप है कि कमेटी द्वारा पेश की गयी रिपोर्ट में अलमारी में बंद कर रख दिया गया है।




# लोकसभा चुनावः ईवीएम मशीनों का हुआ सेकंड रेंडमाइजेशन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिये इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों का दूसरा रेण्डमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक प्रांजल यादव, रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। दूसरे रेण्डमाइजेशन में ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को मतदान केंद्र आवंटित किये गये। रेण्डमाइजेशन की यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर ईएमएस 2.0 से एनआईसी के प्रभारी अधिकारी आशीष शुक्ला ने संपन्न कराई। इस प्रक्रिया से जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सभी 2 हजार 139 मतदान केंद्रों के लिए 20 प्रतिशत रिजर्व सहित ईव्हीएम मशीनों की 5 हजार 133 बैलट यूनिट एवं 2 हजार 565 कंट्रोल यूनिट तथा 30 प्रतिशत रिजर्व सहित 2 हजार 778 व्हीव्हीपेट मशीनों को रेंडम पद्धति से मतदान केंद्र वार चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया से प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए दो बैलट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट एवं एक व्हीव्हीपेट का सेट एवं रिजर्व सेट बनाया गया। दूसरे रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न होने के तुरंत बाद जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों को मतदान केन्द्रवार आवंटित ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल एवं बैलट यूनिट तथा व्हीव्हीपेट मशीनों की सूची प्रदान की गई। लोकसभा चुनाव के मतदान में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने (कमिशनिंग) का कार्य बुधवार 10 अप्रैल से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया जायेगा। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों की कमिशनिंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों की देखरेख में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा की जायेगी। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों भी पूरे समय मौजूद रहे सकेंगे। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई है।



# मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला शुरु, मुख्यमंत्री ने किये माता के दर्शन

**जबलपुर।** 9 दिन तक चलने जा चलने वाला मैहर में नवरात्रि मेला मंगलवार से शुरू हो गया। यहां पर लोगों की संख्या में श्रद्धालु मां शारदा देवी के दर्शन करने पहुंचेंगे। इस बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मंगलवार को मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए पहुो।

### एक हजार पुलिसकर्मी तैनात

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से लगभग 1000 सुरक्षा करनी तैनात किए गए हैं। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे पूरे मेला की निगरानी की जाएगी। वहीं गुमशुदा तलाश के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। दर्शनार्थी मंदिर प्रांगण, पुलिस चौकी, रोपवे परिसर और कंट्रोल रूम में जाकर अपने बिछड़े परिजनों की उद्घोषणा करा सकेंगे। बताया जाता है कि खुफिया विभाग के अधिकारी भी मैहर पर कड़ी नजर रखेंगे।

### 15 जोड़ी ट्रेनों का स्टॉपेज

मैहर में आने वाले दर्शनार्थियों के लिये मैहर स्टेशन से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज दिया गया है। स्टेशन में भी सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गएहैं। आने जाने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

जबलपुर।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिये शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा निर्वाचन सबंधी अपराधों पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सबन्धी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण हो इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करनी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गर्मियों को देखते हुये मतदान केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थायें करने तथा सेक्टर अधिकारियों के पास मेडिकल किट एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं।

राजन मंगलवार को होटल कलचुरी में आयोजित जबलपुर संभाग के जिलों में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में निर्वाचन आयोग के नोडल अधिकारी पुलिस अंशुमान सिंह, सयुंक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश विवेक श्रोतीय, आयुक्त जबलपुर संभाग अभय वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुशवाहा तथा संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने जबलपुर संभाग के जिलों की समीक्षा के बाद दोपहर को दूसरे सत्र में रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में लोकसभा चुनाव की चल रही तैयारियों की समीक्षा की।

# निर्वाचन नियमों का सख्ती से पालन कराएं




### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बैठक में आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे प्रत्येक तत्व पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने की हिदायत दी जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभी तक की गई कार्यवाही का जिलेवार ब्यौरा भी बैठक में लिया। उन्होंने संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने तथा मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी।

### चेक पोसट पर सख्ती बरतें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जबलपुर सहित ऐसे जिलों में जहां कुछ दिनों बाद चुनाव होना है चेक पोस्ट पर और सख्ती बरतने तथा वाहनों की सघन तलाशी करने के निर्देश दिये हैं । उन्होंने मतदान के 48 घण्टे पूर्व की एसओपी का भी कड़ाई पालन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुचारू मतदान के लिये कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ऐसी लोकेशन का स्वयं जाकर निरीक्षण करें, जहां पाँच से अधिक मतदान केंद्र हैं । उन्होंने वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े उपाय करने की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा कि निर्वाचन आयोग ने अब आवश्यकता पड़ने पर बेबकास्टिंग के लिये कुल मतदान केंद्रों की संख्या के 75 प्रतिशत के बराबर कैमरे लगाने की अनुमति प्रदान कर दी है। बेबकास्टिंग के लिये कैमरे मतदान केंद्र के भीतर और बाहर भी लगाये जा सकेंगे।

### स्वीप गतिविधियों की मांगी जानकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में मतदान का प्रतिशत बढाने जिलों में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों का ब्यौरा लिया। उन्होंने गर्मियों के दौरान मतदाताओं को मतदान केंद्र आकर वोट डालने के लिये प्रेरित करने स्वीप की गतिविधियों को व्यापक स्वरूप देने के निर्देश दिये। राजन ने मतदान केंद्रों में छाया, ठंडा पानी तथा संभव हो तो मतदान केंद्र के समीप वाहनों की पार्किंग के लिये व्यवस्थायें करने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मॉडल बूथ बनाने तथा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रोत्साहित करने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों की सहभागिता से स्वीप की गतिविधियों के आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया जहां पूर्व में हुये निर्वाचनों में औसत से अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ था। राजन ने मतदान के के लिये मतदाताओं की पहचान हेतु निर्धारित वैकल्पकि पहचान पत्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर स्लिप और एएसडी सूची तैयार किये जाने पर भी चर्चा की।

## अनुराग सोनी से अभद्रता के आरोपितों को जमानत

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश विश्वेश्वरी मिश्रा की अदालत ने स्कूल संचालक अनुराग सोनी से अभद्रता के आरोपित जबलपुर निवासी अभिषेक पांडे व आर्यन बेटिया की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। पुलिस ने दोनों को मंगलवार, नौ अप्रैल को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद दोपहर तीन बजे अदालत के समक्ष पेश किया। इसी के साथ आरोपितों की ओर से जमानत अर्जी प्रस्तुत कर जमानत दिए जाने पर बल दिया गया। उनकी ओर से अधिवक्ता मनीष मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, अजय प्रजापति, रविंद्र दत्त, विपुलवर्धन जैन, श्रीकांत विश्वकर्मा, प्रशांत नायक, सुदीप सिंह सैनी, मनोज तिवारी सहित अन्य वकीलों ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक एमपी छात्र संगठन से जुड़े छात्रनेता होने के नाते छात्रों की समस्याओं को लेकर अनुराग सोनी के ब्रिटिश स्कूल पहुंचे थे। वहां कहा-सुनी हो गई। जिसके बाद उनके विरुद्ध प्रकरण कायम करा दिया गया। **नार्को टेस्ट की मांग-** अभिषेक पांडे ने भेड़ाघाट थाने में एक आवेदन दिया है। जिसमें स्वयं व पुलिस कर्मियों का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग की है। उसका आरोप है कि पुलिस ने अनुराग सोनी के दबाव में उसके साथ मारपीट की है। यह जानकारी अदालत को दी गई। जिसके बाद मुलाहजा रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगामी सुनवाई तिथि को विवेचना अधिकारी को केस डायरी सहित तलब कर लिया गया है।



## फर्जी आईएसबीएन नम्बर से किताबों के विक्रय रोकने के लिये की सघन जांच

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने फर्जी या बिना आईएसबीएन नम्बर से किताबों के विक्रय रोकने के लिये नौदरा ब्रिज स्थित चिल्ड्रन बुक डिपो, उखरी तिराहा विजय नगर स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस एवं गोरखपुर स्थित संगम बुक डिपो का औचक निरीक्षण किया। इसके पहले उन्होंने अनुभागीय राजस्व अधिकारियों को इस दिशा में कार्यवाही करने तथा पाठ्यपुस्तकों के आईएसबीएन कोड का ऑनलाईन सत्यापन करने के निर्देश दिये थे। सक्सेना ने फर्जी अथवा बिना आईएसबीएन कोड की पाठ्यपुस्तकों को जब्त करने के निर्देश भी दिये थे। जिसके तारतम्य में एसडीएम गोरखपुर ने संगम बुक डिपो, एसडीएम आधारताल ने उखरी तिराहा स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस, एसडीएम रांझी ने नौदरा ब्रिज स्थित चिल्ड्रन बुक डिपो, एसडीएम जबलपुर ने गोलबाजार स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस, एसडीएम पाटन ने रामपुर स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस की आकस्मिक जांच की। अनुभागीय राजस्व अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर सक्सेना ने भी पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के साथ बुक डिपो का निरीक्षण किया।

### पनागर क्षेत्रातंर्गत हुई थी सनसनीखेज वारदात, 13 दिनों में पुलिस ने किया पर्दाफाश

# रेत में सुई ढूंढने की तर्ज पर हुआ अंधे हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि, जबलपुर।

पनागर थाना अंतर्गत 8 वर्षीय मासूम के रेप कर हत्या के प्रकरण में पुलिस ने जिस संजीदगी के साथ आरोपी का पता लगाया है वह काबिले तारिफ है। क्योंकि इस अंधे हत्याकांड में न कोई चश्मदीद गवाह था और न कोई ऐसा साक्ष्य मिला था जिससे पुलिस के हाथ आरोपी तक पहुंच सकें। इसके बाद भी पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने स्पेशल टीम का गठन किया और बारिकी से पूरे प्रकरण की जानकारी लेकर अलग-अलग बिंदुओं पर निर्देशित करते रहे। परिणामतः कप्तान सिंह की मेहनत और मॉनीटरिंग रंग लाई और आरोपी को दबोच लिया। चूंकि आरोपी मृतिका के परिवार का सदस्य था इसलिए पुलिस को भी आरोपी तक पहुंचने में काफी मशक्कत करना पड़ी। चुनाव आचार संहिता, व्हीव्हीआईपी मूवमेंट एवं लॉइन ऑर्डर के बीच रेत



में सुई ढूंढने की तर्ज पर पुलिस अधिकारियों ने इस अंधे हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाया है वह निश्चित ही पुलिस की काबिलियत को दर्शाता है।

### एएसपी समेत कई अधिकारी डाले रहे डेरा

26 मार्च को हुई सनसनीखेज वारदात के बाद मौके पर पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह, एएसपी जोन-5 सोनाली दुबे समेत सीएसपी प्रियंका करचाम मौके पर पहुंचे थे। कप्तान सिंह के निर्देश पर एएसपी दुबे, सीएसपी करचाम, टीआई अजय बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ वहीं डेरा जमाए रखे थे। कड़ी मेहनत और सतत मॉनीटरिंग की वजह से 13 दिन के भीतर ही अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया।

### आरोपी की पहचान ने सबको चौंकाया

हत्याकांड की जांच कर रहे अधिकारियों को एक ऐसा साक्ष्य हाथ लगा जिससे शक की सुई मृतिका के करीबी रिश्तेदार पर अटक गई। जैसे-जैसे जांच बढ़ती गई वैसे-वैसे शक गहराता गया और जब सख्ती बरती गई तो पूरे मामले से पर्दा उठ गया। आरोपी की पहचान उजागर होते ही परिवार के अलावा पुलिस अधिकारी भी चौंक गए।

### भरोसे के साथ इंसानियत हुई शर्मसार

इस हत्याकांड ने रिश्तों में होने वाले भरोसे के साथ इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया। आरोपी के कबूलनामे के बाद विधिवत उसकी गिरफ्तारी की गई और फिर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हत्याकांड के खुलासे के बाद जिसने भी दास्तां सुनी वह आरोपी को कोसता नजर आया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरे हत्याकांड के खुलासे में एसआई शेषनारायण दुबे, एसआई मयंक यादव, एसआई राजकुमार तिवारी, एसआई ज्योति खरवार, एएसआई कैलाश मिश्रा, अजय मिश्रा, हवलदार राममिलन रजक, विनोद शर्मा, विनय जायसवाल, आरक्षक अंकित तिवारी एवं क्राइम ब्रांच के एएसआई धनंजय सिंह, अशोक मिश्रा, हवलदार मानस, हवलदार वीरेंद्र, हवलदार बृजेंद्र कसाना, संतोष दीक्षित की सराहनीय भूमिका रही।

### मतदाता जागरूकता की गतिविधियां भी होंगी

# निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने पुस्तक मेला आज से

## प्रतिदिन शाम 5 बजे से लगेगा पुस्तक मेला



**जबलपुर।** प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किये जाने वाले पुस्तक मेले को मतदाता जागरूकता की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला के नाम से आयोजित किये जा रहे इस मेले में 35 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। बुक सेलर्स एवं गणवेश विक्रेताओं के सहयोग से नो-प्रॉफिट नो-लॉस के आधार पर लगाये जा रहे इस मेले में कॉपी, किताब, यूनिफार्म, जूते, टाई और अन्य सभी शैक्षणिक सामग्रियों के अलग-अलग स्टॉल लगाये जायेंगे। मेले में बच्चों और अभिभावकों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने प्रतिदिन सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। इसके अलावा खान-पान के स्टॉल भी लगाये जायेंगे तथा बच्चों को मनोरंजन एवं खेल कूद के साधन भी मुहैया कराये जायेंगे।

निजी स्कूलों और पब्लिशर्स तथा कतिपय बुक सेलर्स की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर कॉपी-किताबे, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा बुधवार 10 अप्रैल से पांच दिनों तक गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में पुस्तक मेला लगाया जायेगा।

### कलेक्टर ने ली बैठक

पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के आयोजन को लेकर आज शाम कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। श्री सक्सेना ने बैठक में पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले स्टॉलों कॉपी-किताबों तथा यूनिफार्म की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मेला के सफल आयोजन के लिये एवं इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये जरूरी दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त आर.के. मिश्रा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह, डिप्टी कलेक्टर पुष्पेन्द्र अहाके, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, जबलपुर पुरातत्व संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह भी मौजूद थे।

### अपने काम के प्रति मासब कर रहे थे लापरवाही

# पुनरावृति हुई तो कटेगा एक दिन का वेतन : धुर्वे

**सिहोरा।** नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही पटरी से उतरी शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने शासन की मंसा अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्कूल में गैर हाजिर पाए गए 21 शिक्षकों को विभाग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था।

### 21 शिक्षकों को जारी किया था नोटिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे ने टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान कई शालाओं में कहीं शिक्षक अनुपस्थित थे तो कहीं छात्र अनुपस्थित मिले। निरीक्षणकर्ता टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित 21 शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था। अनुपस्थित 21 शिक्षकों में से 20 शिक्षकों ने अपना जवाब प्रस्तुत किया है जिससे निरीक्षणकर्ता टीम पूरी तरह संतुष्ट नहीं है।

### पुराने ढर्रे पर लगेगी लगाम

विकास खंड शिक्षा अधिकारी का यह सराहनीय प्रयास है और यह तो सिर्फ अभी बानगी है अगर विकास खंड शिक्षा अधिकारी इसी तरह से सक्रिय रहेंगे तो और भी बहुत से स्कूल है जिनके मासाब पेमेंट तो पचास हजार से ऊपर पा रहे हैं लेकिन स्कूल जाने की बजाय सिहोरा में ही चाहे जब देखने को मिल जायेंगे चूंकि अभी तक ऐसी कार्यवाही हुई नहीं इसलिए सब पुराने ढर्रे पर चल रहा था लेकिन अब इस लगाम लगेगी।सरकार इतनी भारी भरकर पेमेंट बच्चों को पढ़ाने के लिए दे रही है जिसका अनेक शिक्षक नाजायज फायदा उठा कर अपने ही काम से लापरवाही कर रहे।

### इनका कहना है

शैक्षणिक व्यवस्था में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि दोबारा निरीक्षण के दौरान शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते हैं तो सीधे एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

**अरविंद धुर्वे**, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिहोरा

# इव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग आज से

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के मतदान में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने (कमिशनिंग) का कार्य बुधवार 10 अप्रैल से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया जायेगा। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों की कमिशनिंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों की देखरेख में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा की जायेगी। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों भी पूरे समय मौजूद रहे सकेंगे। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई है।ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के आठ कक्षों का इस्तेमाल किया जायेगा। जबलपुर लोकसभा क्षेत्र में शामिल जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम की कमिशनिंग के लिये एक-एक कक्ष निर्धारित किया गया है। कमिशनिंग का कार्य सभी मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगा । मतदान के लिये ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों की कमिशनिंग में रिजर्व सहित ईव्हीएम की बैलट यूनिटों पर मतपत्र चस्पा किये जायेंगे तथा बैटरी लगाकर मॉक पोल किया जायेगा ।मॉक पोल के बाद डेटा क्लियर कर मशीनों को स्विच ऑफ किया जायेगा तथा मतदान के लिये पूर्णतः तैयार मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांगरूम में रखा जायेगा। ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग कार्य लगभग चार से पाँच दिन तक चलने की संभावना है।

# शत-प्रतिशत मतदान करने किया जागरूक



**सिहोरा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति सिहोरा सेक्टर क्रमांक 1 के नेतृत्व में मतदाता अभियान के माध्यम से सौ प्रतिशत मतदान के लिए निरंतर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इस श्रंखला में नगर विकास प्रस्फुटन समितियों क्रमांक एक दो तीन और चार के सदस्यों द्वारा नवांकुर संस्था की उपाध्यक्ष सारिका साहू और प्रशांत बाजपेई के संयोजन में द्वारा क्रमशः वार्ड नंबर चार कंकाली मंदिर प्रांगण में रंगोली,मेहंदी,मतदाता पोस्टर प्रतियोगिता,दीवार लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक महिलाओं बच्चियों ने हिस्सा लिया कंकाली माता स्व सहायता समूह की बहनों के अलावा ग्रांम विकास प्रस्फुटन समिति अमंगवा, के व ला री , र म खि रि या , मोहतरा,गुनहरु में मतदाता जागरूकता हेतु दीवार लेखन करा कर जागरूक किया जा रहा है।इस अवसर पर सभी ग्राम व नगर विकास प्रस्फुटन समितियो के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।सभी ने स्वयं और अन्य लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

# झूलेलाल जयंती पर वाहन रैली आज

**सिहोरा।** झूलेलाल जयंती चेटीचंड पर्व पर आज सिहोरा खितौला सिंधी समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये है। जिसमें सिहोरा में समाज द्वारा कटरा मोहल्ला एंव खितौला में सिंधी धर्मशाला में समाज के आराध्य देवता भगवान झूलेलाल की प्रतिमा स्थापित की गई है तथा बुधवार को सुबह जयंती पर नगर उपनगर की सयुक्त वाहन रैली सुबह 7 बजे निकाली जायेगी जो खितौला से प्रारम्भ होकर कटरा मोहल्ला पहुंचेगी फिर वहां से झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुंआ,हरदौल मंदिर,बाबाताल,पहरेवा,कृषि उपज मंडी,लखराम मोहल्ला,वन विभाग कार्यालय रोड से होकर सिंधी धर्मशाला में संपन्न होगी।तद पश्चात हवन पूजन के बाद खितौला में दो बजे से एंव सिहोरा में भी दोफहर दो बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी तरह शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो नगर उपनगर में भ्रमण के बाद हिरन नदी में प्रतिमा विसर्जन के साथ ही संपन्न होगी। खितौला में समाज के सभी आयोजन श्री पूज्य सिंधी समाज एंव नवजवान मंडल खितौला के तत्वावधान में संपन्न होंगे।

### केंद्र शासन के कर्मचारी ही होंगे माइक्रो आब्जर्बर

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जायेंगे माइक्रो आब्जर्बर

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने वेबकास्टिंग या सीसीटीवी कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्प में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो आब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकेगा।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत

*बरगी और बरेला में सड़क हादसे*



**जबलपुर।** बरेला एवं बरगी नगर में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। बरेला में एक टेलर वाहन ने एक जादू कपंनी के वाहन चालक को टक्कर मार दी, इस हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई। वहीं बरगी दुर्गानगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जादू कंपनी केंप पिपरिया बरगी निवासी 26 वर्षीय रोहित कुमार जादू कंपनी की गाड़ी चलाता है। गत शाम लगभग 7.30 बजे से 8 बजे के बीच वह अपनी गाड़ी केंप से माल लेकर बरेला साईड जा रहा था, तभी कंपनी की दूसरी गाड़ी क्रमांक एमएच 34 बीजेड 0594 का चालक कल्लूवाला धामपुर रेहर बिजनौर उप्र वर्तमान पता जादू कपंनी केंप पिपरिया बरगी निवासी 44 वर्षीय जगदार सिंह बरेला साईड से माल खाली कर वापस कैंप आ रहा था। जैसे ही जगदार सिंह आनंद ढाबा के सामने पहुंचा, तभी टेलर क्रमांक आरजे 36 जीए 4351 के चालक ने जगदार सिंह की गाडी में सामने से टक्कर मार दी, जिससे जगदार सिंह दरवाजे के गेट सहित गाड़ी के नीचे टायर पर आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# बरगी में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

इसी प्रकार बरगी चौकी बरगीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरिया थाना बरेला निवासी 21 वर्षीय वीरेंद्र उर्फ राजा सोयाम को गत शाम लगभग 5.15 बजे दुर्गानगर मोड़ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर वीरेंद्र उर्फ राजा सोयाम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए धारा 304 ए के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को 620 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया

**जबलपुर।** माढोताल पुलिस ने गत रात ग्राम रेगवां मोड़ पाटन बायपास में गांजा की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 620 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। माढोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि होटल एयर पैलेस के आगे सांई कालोनी नगर माढोताल निवासी 37 वर्षीय पुनीत उर्फ गुड्डू विश्वकर्मा गत रात ग्राम रेगवां मोड़ पाटन बायपास में गांजा बेचने के लिए खड़ा था। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को देखकर आरोपी पुनीत उर्फ गुड्डू भागने लगा। घेराबंदी कर आरोपी पुनीत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 620 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी पुनीत उर्फ गुड्डू विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### 310 पाव देशी एवं 64 लीटर कच्ची शराब जब्त

# अवैध शराब के कारोबारियों की धरपकड़ हुई तेज



**जबलपुर।** विजयनगर और गौरीघाट में अवैध शराब के कारोबार मे लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 310 पाव देशी शराब और 64 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।

विजयनगर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि एफएसटी विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 99 उत्तर मध्य के एफएसटी प्रभारी आशीष कुमार पटैल उपयंत्री ने लिखित शिकायत की, कि गत उड़न दस्ता में अपने दल सहयोगी अजय रजक एवं दल क्रमांक 3 प्रदीप मरावी के साथ विधान सभा क्षेत्र 98 उत्तर मध्य में भ्रमण पर था उसे विधान सभा के भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि पुराना विजयनगर थाना के पास खाली प्लाट में टपरिया बनाकर रह रहे 45 वर्षीय बसंत सिंह ठाकुर उर्फ पग्गल अपनी टपरिया से कच्ची शराब बेच रहे थे। सूचना मिलते ही विजयनगर पुलिस ने आरोपी बसंत सिंह ठाकुर को गिरफ्तार करउसके कब्जे से 64 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। लिखित शिकायत पर पुलिस ने अरोपी बसंत ठाकुर उर्फ पग्गल के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार गौरीघाट थाना प्रभारी सत्तूराम मरावी ने बताया कि गत रात बादशाह हलवाई मंदिर के पास गली नंबर 2 गौरीघाट निवासी 20 वर्षीय राजा चौधरी अपने घर के पीछे वाली गली में दो बोरी में शराब बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी राजा चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 310 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 31 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी राजा चौधरी के विरूद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# पिस्टल कारतूस के साथ पकड़ा गया गब्बर

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने खारीघाट में पिस्टल खोंसे खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल और एक कारतूस जब्त किया है। गौरीघाट थाना प्रभारी सत्तूराम मरावी ने बताया कि एफसीआई गोदाम के पीछे सेठीनगर गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय राहुल सिंह धुर्वे उर्फ झपेन्द्र उर्फ गब्बर मंगलवार को खारीघाट में कमर के पीछे पेंट में पिस्टल खोंसे हुए खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह धुर्वे उर्फ झपेन्द्र उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल और एक लोडेड कारतूस जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# गाली गलौज करने पर दो पक्षों में चली लाठी

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत ग्राम भलहाई इमलई में कल रात इमलई में लगभग 9.30 बजे मोबाईल फोन पर गाली गलौज करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष टकरा गए। इस दौरान लाठी व हसिया से हमला करने पर कुछ लोगों को चोटें आई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व धमकाने की धाराओं के तहत मामला के तहत काउंटर केश दर्ज कराया। पनागर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम भलहाई इमलई निवासी केके नामदेव सिलाई का काम करते है। कल रात लगभग 9.30 बजे कृष्णकांत की पत्नी से बेड़ीलाल की पत्नी सरस्वती नामदेव मोबाइल पर गाली गलौच करने की बात पर विवाद कर रही थी इस दौरान सरस्वती नामदेव ने आरती के हाथ में लाठी मार दी।

**श्रीमती रिया हजारिया-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शैलेष हजारिया की धर्मपत्नी श्रीमती रिया हजारिया (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।



**श्री सुब्रत मजूमदार-** यादव कॉलोनी निवासी श्री सुब्रत मजूमदार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी-** ठक्कर ग्राम निवासी श्री हरि लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल पटेल-** ग्वारीघाट पूर्व रेलवे फाटक के पास निवासी श्री पूरन लाल पटेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई समद-** लकडग़ंज निवासी श्री शिव प्रसाद समद की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई समद (80) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना शैलबिहारी पटेल-** संजीवनी नगर निवासी श्री मुन्ना शैलबिहारी पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई ठाकुर-** कंचन विहार विजय नगर निवासी श्रीमती भागवती बाई ठाकुर (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि अग्रवाल-** फूटाताल निवासी श्री रवि अग्रवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती जन्त्री देवी तिवारी-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री गौरी नंदन तिवारी की धर्मपत्नी श्रमीती जन्त्री देवी तिवारी (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप



## इस्मार्टू इंडिया की हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा डिक्सन

**नई दिल्ली।** डिक्सन टेक्नोलॉजीज की योजना इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल उपकरण विनिर्माण कंपनी इस्मार्टू इंडिया में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की है। कंपनी ने बताया कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद समझौता होगा। उसने इस्मार्टू सिंगापुर, ट्रांसन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, 5ए एडवाइजर्स एलएलपी से पहली किश्त में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

## स्टीलबर्ड हेलमेट्स का राजस्व 27 फीसदी बढ़ा

Steelbird Helmets

**नई दिल्ली।** स्टीलबर्ड हाई-टेक का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 711 करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'वित्त वर्ष 2023-24 में स्टीलबर्ड का राजस्व 711 करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनी प्रबंधन सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की यह शानदार वृद्धि हासिल करने पर पूरे दल और सहयोगियों का उनकी कड़ी मेहनत के लिए आभार व्यक्त करता है।' स्टीलबर्ड के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने भविष्य की योजनाओं पर कहा कि स्टीलबर्ड प्रति दिन 50000 हेलमेट बनाने का लक्ष्य रख रहा है।

## जेटीएल इंडस्ट्रीज ने नाभा स्टील्स में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** जेटीएल इंडस्ट्रीज ने नाभा स्टील्स एंड मेटल्स में नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया है।जेटीएल इंडस्ट्रीज शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ में अधिग्रहीत संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता दो लाख टन है। यहां कॉइल और बिलेट जैसे स्टील उत्पादों का उत्पादन होता है। कंपनी के अनुसार, उसने नाभा स्टील्स एंड मेटल्स में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है।

## एक मई से तरबूज बीज के आयात को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने तरबूज के बीज का एक मई से 30 जून तक बिना किसी पाबंदी के आयात करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति वास्तविक प्रयोगकर्ताओं से लेकर इस जिंस के पात्र प्रसंस्करणकर्ताओं के आधार पर होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, तरबूज के बीज के लिए वैध एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण) निर्माता लाइसेंस के आधार पर ही आयात की अनुमति दी जाएगी।

## विनिर्माण कंपनियों का सर्वे आरबीआई ने किया शुरू



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है।

# मस्क ने पाया खोया रुतबा, जुकरबर्ग से आगे निकले, अंबानी 11वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कभी दुनिया सबसे अमीर शख्स रहे एलन मस्क अरबपतियों की लिस्ट में तीन नंबर पर फिर से पहुंच गए हैं। शुक्रवार को मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन्हें चौथे स्थान पर ढकेल दिया था। इसके अलावा मुकेश अंबानी 11वें स्थान पर पहले से और मजबूत हुए हैं, जबकि 14वें नंबर पर काबिज गौतम अदाणी पहले से कमजोर हुए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट टॉप-10 के नौ अमेरिका के अरबपतियों पर भारी हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं और उनके पास 226 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। इस साल इन्होंने 18.4 अरब डॉलर कमाए। दूसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इस साल अब तक 30.60 अरब डॉलर से अधिक कमाने वाले बेजोस के पास 207 अरब डॉलर की संपत्ति है।

**खास बातें**

- मस्क ने शुक्रवार को खोया हुआ रुतबा फिर सोमवार को प्राप्त किया
- अरबपति एलन की दौलत में सोमवार को 5.78 अरब डॉलर का इजाफा हुआ



### *मस्क की संपत्ति हुई 186 अरब डॉलर*

*एलन मस्क फिर से तीसरे स्थान पर हैं। सोमवार को उनकी दौलत में 5.78 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और इसके उलट मार्क जुकरबर्ग की दौलत में 2.77 अरब डॉलर की कमी आई। नतीजा यह हुआ कि मस्क का शुक्रवार को खोया हुआ रुतबा सोमवार को वापस मिल गया। वह फिर से 186 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए।*

### जुकरबर्ग 184 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर



दुनिया के अमीरों की लिस्ट में बहुत तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रहे मार्क जुकरबर्ग 184 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर हैं। इस साल अब तक जुकरबर्ग ने अपनी संपति में 56.1 अरब डॉलर जोड़ा है। वह कमाई में दुनिया में नंबर वन हैं।

### अदाणी हुए कमजोर, अंबानी मजबूत



सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई तेजी और अदाणी ग्रुप के अधिकतर स्टॉक्स में गिरावट की वजह से दोनों ग्रुप के मालिकों के नेटवर्थ पर असर पड़ा है। अदाणी सोमवार को एक अरब डॉलर गंवाकर 14वें नंबर पर थोड़े कमजोर हुए हैं। दूसरी ओर मुकेश अंबानी अपने नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर जोड़कर 11वें स्थान पर मजबूत हुए हैं। मुकेश अंबानी की कुल दौलत 114 अरब डॉलर और अदाणी की 103 अरब डॉलर है।

## बफर स्टॉक के लिए चना खरीदना शुरू

# सरकार ने कहा, चने के उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं, एमएसपी पर खरीद शुरू


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि उसने कीमतों पर नियंत्रण रखने तथा अपनी कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरण करने की मंशा रखने वाले राज्यों की मांग को पूरा करने के मकसद से बफर स्टॉक बनाने को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना खरीदना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि चने की पैदावार बरकरार है और 'फिलहाल उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं है।' उन्होंने कहा कि इस बीच, राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि व्यापारियों, आयातकों और मिल मालिकों को जमाखोरी और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए 15 अप्रैल से प्रभावी नियम के तहत दालों के अपने स्टॉक की स्थिति की घोषणा करनी चाहिए।

### सीमा शुल्क को लेकर आज बैठक

खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीमा शुल्क में पड़ी आयातित दालों के मुद्दे पर आयातकों, व्यापारियों, सीमा शुल्क और राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक बुलाई है। रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,440 रुपए प्रति क्विंटल है।

- कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया उत्पादन को लेकर चिंता नहीं
- व्यापारियों को 15 अप्रैल से अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी
- चने के लिए एमएसपी 5,440 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया



### राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढ़ी

सचिव ने कहा कि केंद्र खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर रहा है और झारखंड जैसे गैर-पारंपरिक दाल उत्पादक राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढ़ने के साथ सचिव ने कहा कि अब उपलब्धता के मामले में बफर स्टॉक पर दबाव है।

### 10 लाख टन कच्चे चने का बफर स्टॉक

विभाग के अनुसार, पीएसएस के तहत कृषि मंत्रालय द्वारा खरीदा गया लगभग आठ लाख टन कच्चा चना अक्टूबर, 2022 से राज्य सरकारों द्वारा रियायती दर पर खरीदा गया है। वर्तमान में, सरकार के पास पीएसएफ के तहत खरीदे गए 10 लाख टन कच्चे चने का बफर स्टॉक है।

### उत्पादन 121 लाख टन से कम आंका गया

सचिव ने कहा कि चने के उत्पादन के बारे में कोई बड़ी चिंता नहीं है। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि फसल की पैदावार में कमी नहीं आई है, भले ही फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए कुल चना उत्पादन 121 लाख टन से थोड़ा कम आंका गया है। जबकि पिछले वर्ष कुल चना उत्पादन 122 लाख टन था। खरे ने कहा कि गुजरात में हाल ही में किए गए फसल काटने के प्रयोगों से संकेत मिलता है कि चने की पैदावार बरकरार है और मंडियों में आवक बढ़ रही है, जिससे कीमतें नरम होकर एमएसपी स्तर पर आ गई हैं।

### आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें हुई नरम

खरे ने कहा, 'चने की फसल की आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें नरम हो गई हैं और एमएसपी स्तर पर पहुंच गई हैं। हमने अभी खरीद अभियान शुरू किया है।' सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए बाजार में जारी की जाने वाले दालों के स्टॉक को बनाए रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) योजना के हिस्से के रूप में चने की खरीद का कार्य कर रही हैं।

### 16 राज्य चना ले रहे

पहले बमुश्किल 3-4 राज्य ही कल्याणकारी योजनाओं के लिए बफर स्टॉक से चना लेते थे। अब, 16 राज्य सरकारें पोषण सुरक्षा को पूरा करने के लिए चने का बफर स्टॉक ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे चार और राज्यों ने चने के लिए अनुरोध किया है।

# लगातार दूसरे दिन सोने, चांदी के भाव रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बाद मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी रहा और दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 140 रुपये की तेजी के साथ 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की नयी ऊंचाई पर पहुंच गई। सोमवार को सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जबकि सोमवार को पहली बार चांदी ने 84,000 रुपये के स्तर को लांघा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही थीं, जो पिछले बंद भाव से 140 रुपये की बढ़त है।'

- सोना 140 रुपए बढ़कर 71,840 रुपए प्रति 10 ग्राम

### ऊंचे भाव पर मुनाफा वसूली शुरू हुई

पिछले कारोबार में यह 27.80 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा, 'आगामी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों से सोने की कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने का अनुमान है। कीमतें पहले से ही ऊंचे स्तर पर हैं। इन आंकड़ों के बाद मुनाफावसूली शुरू हो सकती है, जिससे इसमें गिरावट आ सकती है।'

# सभी खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़ी : फाडा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में पिछले वित्त वर्ष के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री सभी खंडों में बढ़ी है। इस दौरान यात्री और दोपहिया वाहनों सहित सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण तेजी से बढ़ा। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी है। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की कुल बिक्री 2023-24 में सालाना आधार पर 91 प्रतिशत बढ़कर 90,996 इकाई हो गई, जो 2022-23 में 47,551 इकाई थी। टाटा मोटर्स ने बीते वित्त वर्ष में 64,217 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र का नेतृत्व किया। यह आंकड़ा 2022-23 की 38,728 इकाइयों से 66 प्रतिशत अधिक है। दूसरी ओर 2023-24 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 30 प्रतिशत बढ़कर 9.47 लाख इकाई हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 7.28 लाख इकाई था। इस खंड में ओला इलेक्ट्रिक 3.29 लाख इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ सबसे आगे रही। इसके बाद टीवीएस मोटर कंपनी 1.82 लाख इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### *इलेक्ट्रिक तिपहिया की खुदरा बिक्री 56 फीसदी बढ़ी*

*समीक्षाधीन अवधि में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 56 प्रतिशत बढ़कर 6.32 लाख इकाई हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 4.04 लाख इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि ये आंकड़े इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को रेखांकित करते हैं।*

# सेंसेक्स 75,000 अंक के स्तर को पार करने के बाद फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। हालांकि, शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी अपना नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 58.80 अंक की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

- सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा
- निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ



### *रिलायंस में रहा नुकसान*

*सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।*

### *इंफोसिस में रही तेजी*

*दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से शामिल हैं।*

# आयात में बढ़ोतरी देश के आत्मनिर्भर मिशन के लिए 'चेतावनी संकेत'

## इस्पात उद्योग ने कहा, आयात में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय इस्पात उद्योग ने वित्त वर्ष 2023-24 में देश के इस्पात का शुद्ध आयातक बनने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह ऐसे देश के लिए एक 'चेतावनी संकेत' है जो आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। इस्पात मंत्रालय की संयुक्त संयंत्र समिति के अनुसार, भारत ने तैयार इस्पात के आयात में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की यानी 83.19 लाख तैयार इस्पात का आयात किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 60.22 लाख टन था।

शीर्ष उद्योग निकाय भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के महासचिव आलोक सहाय ने कहा, 'चीन से आयात में वृद्धि इस्पात में आत्मानिर्भरता के लिए एक बड़ा खतरा यानी बाजार को बिगाड़ने वाला है। देश का शुद्ध आयातक बनना आत्मनिर्भरता (की ओर हमारे कदम के लिए एक चेतावनी संकेत है।' सहाय ने आयात को रोकने के लिए तत्काल आधार पर व्यापार उपचारात्मक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, कम शुल्क नियम से आयातकों को मदद मिलती है। इसे बिना किसी देरी के हटाने और अधिसूचित करने की आवश्यकता है, ताकि चीन या कोई अन्य स्टील-अधिशेष उत्पादन वाला देश भारत की वृद्धि गति का उपयोग अपनी इस्पात मिलों को समर्थन देने के लिए न करें। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील के मुख्य विपणन अधिकारी रंजन धर ने कहा कि भारत के इस्पात उद्योग को आक्रामक आयात से खतरा है।

- चीन से आयात में वृद्धि इस्पात में आत्मनिर्भरता के लिए खतरा



### आयात पर अंकुश लगाने का संकेत

इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि उद्योग लगातार सरकार से आयात पर अंकुश लगाने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की समीक्षा करने का अनुरोध कर रहा है।

### देश को उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी

राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत, भारत का लक्ष्य अपनी घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए वर्ष 2030 तक अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाना है।

## पूरी दुनिया में बिकेंगे मेड इन इंडिया आईफोन

# टाटा ग्रुप की झोली में गिरेगी एक और ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका की दिग्गज कंपनी एप्पल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने की तैयारी में है। दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है। इससे पहले टाटा ग्रुप एप्पल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है। सूत्रों का कहना है कि यह डील आने वाले दो से तीन महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह विस्ट्रॉन की तरह का अधिग्रहण होगा या जॉइंट वेंचर। अभी दोनों विकल्प खुले हैं। पेगाट्रॉन और फॉक्सकॉन की तरह विस्ट्रॉन भी एप्पल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाती है।

- दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर

### *पेगाट्रान ने 2022 में भारत में बिजनेस शुरू किया*

*कंपनी ने 2022 में भारत में बिजनेस शुरू किया था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन मार्केट है। पेगाट्रॉन एप्पल के तीन कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर्स में से एक है जिन्हें स्मार्टफोन पीएलआई स्कीम के तहत चुना गया है। लेकिन इसे केवल चार साल ही फायदा मिलेगा क्योंकि उसने फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन की तुलना में एक साल बाद निर्माण शुरू किया था।*





### टाटा आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी

टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपए) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था और आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। टाटा के पेगाट्रॉन की खरीदने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि मोबाइल फोन निर्माण में भारतीय चैंपियन उभर रहे हैं। जैसे-जैसे यह सेक्टर बढ़ रहा है, ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

### *डील की रकम विस्ट्रॉन सौदे से कम होगी*

*एक सूत्र ने कहा कि इस डील की रकम विस्ट्रॉन सौदे से कम होने वाली है। इसकी वजह यह है कि पेगाट्रॉन एक छोटी कंपनी है और जब यह अधिग्रहण पूरा होगा तो उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन स्कीम के तहत दो साल से भी कम समय बाकी रहेगा। एक सूत्र ने कहा कि टाटा ग्रुप अपनी सहायक कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के जरिए यह डील पूरा करने की तैयारी में है।*

### *क्या है एप्पल की योजना*

*जानकारों का कहना है कि एप्पल इस डील को जल्द से जल्द बंद करना चाहती है ताकि एनुअल लांच से पहले पहले ऑनरशिप को लेकर किसी तरह का कनफ्यूजन न हो। कंपनी सितंबर में नए आईफोन लांच करेगी जिनका प्रॉडक्शन जून-अगस्त में शुरू होगा। इस बारे में टाटा ग्रुप, पेगाट्रॉन और एप्पल ने प्रश्नों का जवाब नहीं दिया। पेगाट्रॉन के भारत में लगभग 9,500 कर्मचारी हैं और वह सालाना लगभग 45 लाख आईफोन बनाती है।*

# रूस की पाबंदी से गेल को नहीं हो पायी एलएनजी की आपूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस की प्रमुख ऊर्जा कंपनी गैजप्रॉम की एक पूर्व इकाई ने कहा है कि मॉस्को के प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति के स्रोतों में बाधाएं उत्पन्न हुईं और इससे वह भारतीय गैस कंपनी गेल को आपूर्ति नहीं कर पायी। गेल ने पिछले साल दिसंबर में मध्यस्थता न्यायाधिकरण लंदन कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन के समक्ष एक मध्यस्थता दावा दायर किया था। इसमें दीर्घकालिक अनुबंध के तहत एलएनजी की आपूर्ति नहीं होने को लेकर एसईएफई से 1.8 अरब डॉलर की मांग की गयी है। गेल ने पिछले सप्ताह शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एसईएफई ने मध्यस्थता न्यायाधिकरण के समक्ष अपने बचाव में दिये गये बयान में कथित तौर पर अनुबंधात्मक रूप से सीमित राशि के अलावा कुछ भी बकाया होने की बात से इनकार किया था।


- गैजप्रोम की पूर्व इकाई ने कहा प्रतिबंध के कारण आई बाधाएं



## चिंतन

# विकासशील से विकसित की ओर तेजी से बढ़ रहा देश

नए वर्ष पर देश को आर्थिक मोर्चे पर एक के बाद एक अनेक शुभ संकेत मिले हैं। शेयर मार्केट नए शिखर पर पहुंच गया, सोना भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड पर और भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है और जल्दी ही हम जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकते हैं। आईटी और ऑटो शेयरों में भारी खरीदारी के दम पर बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि निफ्टी भी 22,765 अंक के नए स्तर को छू गया। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 तेजी के साथ ट्रेड कर रहे थे। इससे पहले सोमवार को भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। पिछले नौ महीने में इसमें 100 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। पिछले साल पांच जुलाई को भारत का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। उसके बाद से निफ्टी में 16 प्रतिशत तेजी आई है। भारत का मार्केट कैप 2007 में 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। इसमें 200 लाख करोड़ रुपये का स्तर फरवरी 2021 में छुआ था। देसी बाजार का अब अगला बड़ा पड़ाव 5 लाख करोड़ डॉलर बाजार पूंजीकरण हासिल करना होगा, जिससे अभी वह करीब 4 फीसदी पीछे है। बाजार के भागीदारों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक मजबूती और विदेशी निवेश के निरंतर प्रवाह से शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार को मापने का पैमाना होता है। यही बताता है कि देश के उद्योग किस गति से आगे बढ़ रहे हैं, आम आदमी किस तरह निवेश और खर्च कर रहा है। बाजार को देखने का एक और मानक होता है सोना। वह भी नव वर्ष के दिन नई बुलंदी पर पहुंच गया। 10 ग्राम सोने की कीमत 71,150 रुपये हो गई। सोमवार को इसमें करीब 1400 रुपये की तेजी आई थी और मंगलवार को 240 रुपये की तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमत में भारी तेजी देखी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ महीनों में यह 75,000 रुपये तक जा सकता है। अर्थव्यवस्था को देखने के लिए किसी भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी परखा जाता है। इस क्षेत्र में भी भारत नित नए सोपान छू रहा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। 29 मार्च 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.951 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई और यह 645.583 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। पिछले कई महीनों से भारत अपना गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा रहा है और ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह 817 टन पहुंच गया है। ये सारे संकेत बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था की सेहत न केवल ठीक है बल्कि नई बुलंदी की ओर बढ़ रही है। भारत बड़ी इकॉनमीज में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। आईएमएफ के मुताबिक अगले दो साल तक भारत सबसे तेज इकॉनमी बना रहेगा। यूरोपियन पार्लियामेंट के थिंक टैंक एक्सपर्ट का कहना है कि भारत की इकॉनमी चीन से ज्यादा तेज गति से बढ़ रही है और आगे भी यही स्थिति रहेगी। 2023 में भारत की एवरेज ग्रोथ 7.5 फीसदी से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि चीन के मामले में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि भारत जल्दी ही जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। सारे संकेत बताते हैं कि हम विकासशील से विकसित की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन आज भी अनेक क्षेत्र ऐसे भी हैं, जिनमें बहुत कुछ किया जाना शेष है। अगर हैप्पीनेस इंडेक्स को देखे तो हम पड़ोसी पाकिस्तान से भी पीछे हैं। हमें वो उपाय करने होंगे, जिससे हर देशवासी में उल्लास का संचार हो। उसे अपने भविष्य का सुखद अहसास हो। ऐसी ही हालात हंगर इंडेक्स की है। यह बताता है कि देश तो बुलंदी छू रहा है, लेकिन एक तबका आज भी दो रोटी की जंग लड़ रहा है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सेहत, शिक्षा और रोजगार तीन ऐसे पैमाने हैं, जो विकसित होने की गारंटी कहे जाते हैं। इन दोनों क्षेत्रों में जल्द से जल्द आमूल-चूल बदलाव की जरूरत है। तभी हम दुनिया में अव्वल राष्ट्र कहला पाएंगे।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# देश के लिए संकट बनते खर्चीले चुनाव

चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते है कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि 'उनके पास चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं है।' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'मुझे इस बात को लेकर भी मलाल है कि चुनाव में समुदाय व धर्म जैसी चीजों को जीत तय करने का आधार बनाना पड़ता है, इसलिए मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।' सीतारमण कई बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के अनुभव से गुजर चुकी हैं, इसलिए वे जो कह रही हैं उसमें निश्चित सच्चाई है। हम देख भी रहे हैं कि अनैतिक रूप से कमाए गए धन और आवारा पूंजी ने चुनावी खर्च इतना बढ़ा दिया है कि आम आदमी तो छोड़िए मध्यमवर्गीय व्यक्ति का भी चुनाव लड़ना मुश्किल है। वैसे चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते हैं कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। संभव है 2029 का चुनाव इसी प्रणाली से हो?

यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में होने वाले सरकारी खर्च कम होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे, जबकि 2014 में इसके आधे 30 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद है। गैर-लाभकारी संगठन सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अध्ययन के अनुसार 2019 का आम चुनाव दुनिया में सबसे महंगा चुनाव रहा है। इस चुनाव में औसतन प्रति लोकसभा क्षेत्र 100 करोड़ रुपये खर्च हुए। एक तरह से यह खर्च एक मत के लिए 700 रुपये बैठता है। यह खर्च केवल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद का है। कई उम्मीदवार जिनका लड़ना तय होता है, वह साल-छह माह पहले से ही चुनाव की तैयारियों में लग जाते हैं। इस खर्च को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया है। यदि लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो 75 से 80 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी विशेष ने 40 करोड़ रुपये से भी अधिक खर्च किए। यह चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशी के लिए तय खर्च की अधिकतम सीमा से 50 गुना से भी अधिक है। 2019 में खर्च की अधिकतम सीमा 70 लाख रुपये थी।

यदि एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं,



वहीं विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है। इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सात चरणों में करीब ढाई माह चुनाव प्रक्रिया चलेगी। भारत की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप चुनाव को देखें तो उत्तर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर दक्षिण में हिंद महासागर तक और पश्चिम में थार के रेगिस्तान से लेकर पूर्व में सुंदर वन के मैंग्रोव जंगल के इलाके भी चुनाव प्रक्रिया में शामिल रहते हैं। इनमें अनेक मतदान केंद्र ऐसे होते हैं, जहां मतदानकर्मियों को पालतू मवेशियों और नावों में चुनाव सामग्री लादकर ले जानी पड़ती है। ऐसे में प्रति मतदाता चुनाव का औसत खर्च 700 रुपये तक बैठता है। जबकि देश की साठ फीसदी आबादी बमुश्किल औसतन 250 रुपये प्रतिदिन कमा पाती है। ऐसे में बार-बार चुनाव में खर्च निश्चित ही एक चिंता का विषय है। सरकारी खर्च के अलावा प्रत्याशियों को टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और अखबारों में विज्ञापन पर बड़ा खर्च करना होता है। वाहन, भोजन, पोस्टर-बैनर और नेताओं के लिए जुलूस व आम सभाओं पर भी बड़ा खर्च होता है। यदि इन प्रत्यक्ष खर्चों के अलावा अप्रत्यक्ष खर्चों को देखें तो शराब, वोट के बदले नोट और उपहार के रूप में कोई वस्तु देने पर भी बड़ा खर्च प्रत्याशियों को उठाना पड़ता है। चुनाव में होने वाली खर्च की बड़ी राशि को सार्वजनिक नहीं किया जाता, क्योंकि ज्यादा खर्च दिखाना तय राशि का उल्लंघन माना जाएगा। इसके बावजूद हम देखते हैं कि उम्मीदवार और दल बेहिसाब धन खर्च करते हैं। निर्वाचन आयोग में पंजीबद्ध दलों के प्रत्याशी चुनावी सुविधाओं के लिए डमी उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े करते हैं। इन पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। प्रत्येक चुनाव में जातीय और धर्म आधारित समुदायों के ध्रुवीकरण पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। अब धनी उम्मीदवार जातिवार सभाएं करके उनके भोजन-पानी का भी इंजमाम करते हैं। हालांकि राजनीतिक दल के लिए खर्च करने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इसी तरह विधानससभा चुनाव के लिए प्रत्याशी अधिकतम चालीस लाख रुपये खर्च कर सकता है। वहीं छोटे राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में लोकसभा उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 75 लाख रुपये और विधानसभा उम्मीदवार के लिए 28 लाख रुपये है।

ऐसे में एक साथ सभी चुनावों को संयुक्त रूप में करा दिया जाए तो एक प्रत्याशी को कई सीटों से या बार-बार चुनाव लड़ने के विकल्प समाप्त हो जाएंगे और धन की बर्बादी नहीं होगी। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा। विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। केंद्र सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट दे दी है। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल




# गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं होम्योपैथिक उपचार

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद् और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी, लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। विश्व होम्योपैथी दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष यह दिवस 'होम्योपैथीः अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है। होम्योपैथी ग्रीक शब्द 'होमियो' से बना है, जिसका अर्थ है 'समान' और 'पाथोस', जिसका अर्थ है पीड़ा या बीमारी। होम्योपैथी को चिंता, अवसाद, एडीएचडी और ओसीडी सहित कई प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों, एलर्जी और पुराने दर्द सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में प्रभावी पाया गया है। होम्योपैथिक उपचार सुरक्षित, गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं, जो उन्हें ऐसी पारम्परिक मनोरोग चिकित्सा का आकर्षक विकल्प बनाते हैं, जो प्रायः कई अप्रिय दुष्प्रभावों को साथ लाती है। होम्योपैथी अत्यधिक तनुकृत पदार्थों के उपयोग पर आधारित ऐसा उपचार है, जिसके बारे में चिकित्सकों का दावा है कि यह शरीर को स्वस्थ रख सकता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है।

दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं, किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की चार हजार से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि बहुत सारी होम्योपैथी दवाओं का असर रोगी पर कुछ धीमी गति से होता है, जबकि एलोपैथी दवाएं रोगी पर तुरंत असर दिखाती हैं, इसीलिए हाम्योपैथी भले ही एलोपैथी जितनी लोकप्रिय नहीं है, लेकिन दुनियाभर में यह उपचार के सबसे लोकप्रिय वैकल्पिक रूप में मौजूद हैं। दरअसल होम्योपैथिक उपचार सबसे सरल उपचार है, जो शरीर को अधिक प्राकृतिक उपचार प्रक्रिया की अनुमति देता है। होम्योपैथी दवाएं चिकित्सा का एक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प प्रदान करती हैं, जो बिना किसी दुष्प्रभाव अथवा दवा के परस्पर क्रिया का कारण बनता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
## दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित
## प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

**इजरायल पर हमला हमास को महंगा पड़ा**

हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला कर निर्दोष लोगों की जान ही नही ली,बल्कि अनेक लोगों को बन्दक बना कर ले गए। आज का मंजर भयानक है। गाज़ा पट्टी को तहस नहस करने की ठान चुके इजराइल ने अब तक 33 हजार से ज्यादा लोगो को मौत की नींद सुला दिया। आतंकवाद का नामोनिशान मिटाने का दृढ़ संकल्प ले चुके इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका की भी नही सुन रहे है। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि इजराइल को धमकाने की जगह अमेरिका हमास पर दबाव क्यो नही बनाता। खंडहर में तब्दील गाजापट्टी वीरान दिखाई दे रही है। – **कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड

### युद्ध के आघात को बढ़ाया



सूचना युद्ध ने गाजा में युद्ध के आघात को और बढ़ा दिया है-तथ्यों को छिपाना और दोषारोपण करना। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश से वंचित करना दुष्प्रचार और झूठी कहानियों को पनपने की इजाजत दे रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सम्मानजनक अंत्येष्टि



डब्ल्यूएचओ नेअल-शिफा अस्पताल परिसर में अज्ञात शवों के लिए सम्मानजनक अंत्येष्टि के आयोजन में आज गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का समर्थन किया। शव पहले गंदगी या प्लास्टिक की चादर के नीचे पड़े रहते थे।

-टेड्रोस, डब्ल्यूउचओ महानिदेशक

### हिंदू-मुस्लिम करने में लगे



10 साल सरकार चलाने के बाद जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है तो पीएम मोदी अपनी घिसी-पिटी स्क्रिप्ट पर आ गए हैं, बजाए अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाने के हिंदू-मुस्लिम करने में लगे हैं। पीएम मोदी बौखलाए हुए हैं, उनके सर्वे बता रहे हैं कि बीजेपी का 180 पार नहीं हो रहा।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### अच्छा लगता है



मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई दूसरा मैदान है जहां भीड़ लगभग मैच के बाद की प्रस्तुति का हिस्सा बन जाती है। मुझे इसे यहां करना अच्छा लगता है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

## करंट अफेयर


# इंपीरियल कॉलेज लंदन ने 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' जीता



ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन की क्विज़ टीम ने 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' की चैंपियन ट्रॉफी जीती है। इस टीम में कोलकाता के कम्प्यूटेशनल विज्ञान स्नातक सौरजीत देबनाथ शामिल हैं। ब्रिटेन के टेलीविज़न का सबसे कठिन 'क्विज़ टूर्नामेंट' बताए जाने वाले कार्यक्रम में 31 वर्षीय देबनाथ ने अंतिम दौर में कई मुश्किल सवालों का जवाब दिया और पिछली टीम के 'अद्वितीय मार्गदर्शन' ने इस साल प्रभावशाली अंतर से जीत दर्ज करने में योगदान दिया। यह कार्यक्रम सोमवार रात को बीबीसी पर प्रसारित किया गया जिसमें लंदन स्थित विश्वविद्यालय, कार्यक्रम के इतिहास में सबसे कामयाब विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। देबनाथ ने कहा, 'मैं ब्रिटिश क्विज़ का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं और आभारी हूं कि हमारी टीम को इंपीरियल का प्रतिनिधित्व करते हुए खिताब जीतने का अवसर मिला।' ब्रिटिश-भारतीय प्रस्तोता अमोल राजन ने बीबीसी के लोकप्रिय कार्यक्रम की मेज़बानी की। उन्होंने इंपीरियल कॉलेज की जीत को उल्लेखनीय बताया। टीम को इंपीरियल कॉलेज लंदन के साउथ केन्सिंग्टन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में राजन और जाने माने नाटककार सर टॉम स्टॉपर्ड ने 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' ट्रॉफी से सम्मानित किया।

## ऑफ बीट

# अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ अपने न्यूनतम स्तर पर



दक्षिणी गर्मियों के अंत में, अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ अपने वार्षिक न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। कम से कम एक माप से, जो समुद्र के उस क्षेत्र को ट्रैक करता है जिसमें कम से कम 15% समुद्री बर्फ है, यह 2023 के रिकॉर्ड निचले स्तर से थोड़ा ऊपर था। उस समय, मैं इतालवी आइसब्रेकर लौरा बस्सी पर सवार था, विडंबना यह है कि केप हैलेट से लगभग 10 किमी दूर समुद्री बर्फ से घिरा हुआ था और अभियान के नमूना स्थलों में से एक तक जाने में असमर्थ था। यहां तक कि सिर्फ एक दशक पहले तक, समुद्री बर्फ हर सर्दियों में मज़बूती से खुद को फिर से बना लेती थी। लेकिन दक्षिणी महासागर के काम करने के तरीके में कुछ बदलाव आया है और समुद्री बर्फ से ढका क्षेत्र नाटकीय रूप से कम हो गया है। हमारा उद्देश्य अंटार्कटिका के आसपास समुद्र में होने वाले परिवर्तनों को ट्रैक करना और उन कुछ प्रक्रियाओं का पता लगाना था जिनके बारे में हमें लगता है कि वे समुद्री बर्फ के इस नुकसान के लिए जिम्मेदार हैं। सबसे अधिक संभावना है, यह महासागरों के गर्म होने का परिणाम है और इसलिए हमने उन रास्तों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया है जिनके जरिए गर्म समुद्री जल और बर्फ को पिघलाने निकल सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# रूस ने भारत को सौंपी इग्ला-एस मैनपैड्स मिसाइल

## कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइल हवाई खतरे को खत्म करने की रखती है ताकत, पाकिस्तान और चीन की सीमा पर होंगी तैनात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पड़ोसी देश सीमा पर हेलिकॉप्टर करने से पहले सोचेंगे। भारत को रूस से 24 आधुनिक इग्ला-एस मैनपैड्स मिसाइल मिली हैं। 100 मिसाइलों का पहला बैच प्राप्त हो गया है। रूस से इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम का मिलना, एक बड़े समझौते का हिस्सा है, जिसका मकसद भारत की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना है। यह खास तरह के एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम हैं, जो किसी भी तरह के हवाई खतरे को नष्ट कर सकते हैं। बता दें, भारतीय सेना ने पिछले साल नवंबर में 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों के लिए रूस के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए थे। इसका पहला बैच भारत आ गया है,

मिसाइल की नोक पर 1.17 किलो का विस्फोटक

मिसाइल की मारक क्षमता 5 से 6 किलोमीटर तक





**मिसाइल का वजन**
10.8 किलो

**पूरे सिस्टम का वजन**
18.0 किलो

**सिस्टम की लंबाई**
5.16 फीट

**मिसाइल की गति**
2266 किलोमीटर प्रति घंटा

**आकाश में जाने की ऊंचाई**
अधिकतम 11 हजार फीट

**भारत में बनेंगी ये मिसाइलें**
लाइसेंस का हुआ समझौता

---

### खबर संक्षेप

#### इंडोनेशिया में आया 6.6 तीव्रता का भूकंप



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। झटकों से थर्राए लोग, घरों से बाहर भागे। भूकंप के बाद किसी नुकसान या घायल होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। यह जानकारी मंगलवार को यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे की ओर से दी गई। जानकारी में बताया गया कि वहां के पूर्वी प्रांत पश्चिमी पापुआ में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। इंडोनेशिया की जियोफिजिक्स एजेंसी ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.1 बताई थी पर बाद में उसे संशोधित किया गया।

#### यूएस में लापता भारतीय छात्र अब्दुल की मिली लाश



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पिछले महीने से लापता 25 साल का एक भारतीय छात्र अमेरिकी शहर क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। हैदराबाद के नाचाराम का रहने वाला मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपनी संवदेनाएं व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद की बात कही है।

#### कनाडा में भारतीय मूल के कारोबारी की हत्या



**ओटावा।** कनाडा के एडमंटन शहर में एक निर्माण स्थल पर भारतीय मूल के बूटा सिंह गिल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गिल एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक थे। वे शहर में एक गुरुद्वारे की प्रबंधन समिति के प्रमुख भी थे। पुलिस के मुताबिक यह घटना अल्बर्टा प्रांत में मिलवुड आरईसी सेंटर के पास हुई। वहां पर बूटा सिंह गिल की कंपनी की कंस्ट्रक्शन साइट है, जहां पर गिल को गोली मारी गई।

---

जर्मनी के राजदूत एकरमैन ने कहा

## पनडुब्बियां बनाने के लिए भारत के साथ हम इच्छुक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि जर्मन सरकार छह नई पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट 75 के टेंडर के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम, भारतीय मझगांव डॉकयाड्र्स लिमिटेड (आईएमडीएल) के साथ साझेदारी कर रही है। फिलिप एकरमैन ने कहा कि मैं कह सकता हूं जर्मनी भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियां बनाने के लिए एक भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और जर्मन सरकार चल रही बातचीत का पूरे दिल से समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और निर्णय भारत को लेना है। यह कहा जा सकता है कि यह परियोजना पहले से ही हमारी रक्षा साझेदारी को गति दे रही है।

### सैन्य दौरे और संयुक्त अभ्यास भी करेंगे

*प्रोजेक्ट 75 इंडिया एक भारतीय नौसेना परियोजना है जहां वह एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन तकनीक के साथ छह बड़ी पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण करना चाहती है। फिलिप एकरमैन ने कहा कि छह अरब यूरो से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए जर्मन फर्म थिसेनक्रुप और स्पेनिश फर्म क्रमशः आईएमडीएल और लार्सन एंड टुब्रो के साथ साझेदारी कर रही हैं। एकरमैन ने कहा कि जर्मनी का भारत और इंडो-पैसिफिक के प्रति बदलाव बहुत ठोस कार्यों में दिखाई दे रहा है। सैन्य दौरे और संयुक्त अभ्यास, उन्नत सैन्य हार्डवेयर का संभावित सह-उत्पादन, साइबर के क्षेत्र में सहयोग और हमारी अंतरसंचालनीयता को मजबूत करना।*

### रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर जोर

जर्मन के राजदूत फिलिप एकरमैनने कहा कि जर्मनी यूरोफाइटर टाइफून और ए400एम सहित जेट विमान को भारत भेजेगा। कोयंबटूर के पास एक अभ्यास के लिए फ्रांस और स्पेन के साथ एक यूरोपीय टीम का नेतृत्व करेगा। एकरमैन ने कहा कि भारत के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक और पर्याप्त रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए बर्लिन में और भी बड़ी राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

---

चीन के नजदीक रैली कर राजनाथ ने जिनपिंग को सुनाई खरी-खरी


# हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों को भारत में उसका 'जवाब देने की ताकत'

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 9 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने चीन के दावे पर जमकर बयान कसा। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है।*

एजेंसी ▶▶ नामसाई

आगामी चुनावों से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज (9 अप्रैल) अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। यहां उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं।

मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। बता दें, अभी कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है, था और हमेशा रहेगा।



### भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

### चीन का मूर्खता वाला कदम

भारत ने इस महीने की शुरुआत में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कुछ जगहों का नाम बदलने को 'मूर्खतापूर्ण' बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था और कहा था कि ऐसा करने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। कुछ दिनों पहले चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में तथाकथित 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की एक सूची जारी की। चीन ने जिन 30 स्थानों का नाम बदला उनमें 12 पहाड़, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा, 11 आवासीय क्षेत्र और जमीन का एक टुकड़ा शामिल है।

### जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी

सिंह ने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। भारत के लिए आत्मसम्मान सबसे बड़ी बात है। लेकिन अगर कोई हमारे आत्म-सम्मान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो हम उसे माफ नहीं करेंगे। भारत उचित जवाब देने की क्षमता रखता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी।

#### विदेश मंत्री ने की थी चीन की आलोचना

*कुछ दिनों पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन की आलोचना करते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा?*

---

समाज के साथ संबंध मजबूत करने की पहल

## भारतीय नौसेना 6 अक्टूबर को 'हाफ मैराथन' दौड़ का करेगी आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना 6 अक्टूबर 24 को नई दिल्ली में हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन करेगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिक समाज के साथ नौसेना के संबंधों को मजबूत करना और देश की समुद्री सुरक्षा और हितों की रक्षा में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस कार्यक्रम में सभी उम्र और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों के लिए हाफ मैराथन (21.1 किमी) दौड़ और 10 किमी और 05 किमी की दौड़ के आयोजन शामिल होंगे। युवाओं को भारतीय नौसेना में शामिल होकर एक साहसिक जीवन जीने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।



फाइल फोटो

### स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह दौड़ जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों में अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करेगी, जिससे उन्हें शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने और समग्र कल्याण सुनिश्चित करने के साधन के रूप में एक सक्रिय जीवन शैली चुनने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और समावेशिता के मूल्यों पर भी प्रकाश डालेगा। सद्भाव और प्रतिस्पर्धा की भावना से लोगों को एक मंच पर लाने से एनसीआर और उससे आगे रहने वाले लोगों के बीच मजबूत संबंध विकसित होंगे।

---

हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा कब लेंगे एक्शन?

## बांग्लादेशी घुसपैठियों ने बदली झारखंड के 5 जिलों की डेमोग्राफी



**रांची।** झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की तादाद बढ़ती जा रही है। आदिवासी बहुल संताल के डेमोग्राफी में अब आदिवासी अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं, जबकि घुसपैठियों की आबादी बेतहाशा बढ़ रही है। जनहित याचिका के जरिए इस मुद्दे को हाईकोर्ट के संज्ञान में लाया गया है, जिस पर झारखंड हाईकोर्ट में आज मंगलवार को सुनवाई हुई। मुस्लिम नागरिक सैयद दानियल दानिश की जनहित याचिका पर कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की। अब इस पूरे मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता को केंद्र सरकार से निर्देश लेकर तीन हफ्ते के अंदर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

---

तमिलनाडु में ईडी की 25 ठिकानों पर छापेमारी

## नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में छापा मारा है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ ईडी अधिकारी राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ली।

ईडी ने सादिक और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के लिए इस एनसीबी मामले और कुछ अन्य एफआईआर का संज्ञान लिया है। एनसीबी ने कहा है कि सादिक के तमिल और हिंदी फिल्म फाइनेंसरों के साथ संबंध, कुछ हाई-प्रोफाइल लोग जांच के दायरे में हैं।




**सादिक को किया गिरफ्तार**

*अधिकारी ने कहा कि सादिक, जो तमिल फिल्मों के निर्माता भी हैं, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य के परिसरों को कवर किया जा रहा है। सादिक (36 वर्ष) को बीते माह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 2,000 करोड़ से ज्यादा की कीमत वाली लगभग 3,500 किलो स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।*

---

रूस ने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की मशीनरी भारत भेजी

## एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक ऑफ करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रतिकूल मौसम में भी विमानों के निर्बाध एवं सुरक्षित उड़ान के लिए अंतर-राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगने वाले आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) की मशीनरी मंगलवार सुबह रूस से कुशीनगर पहुंच गई। आईएलएस के पहुंचने के बाद अब एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक आफ कर सकेंगे।

1 प्रतिकूल मौसम में निर्बाध उड़ान की बाधा समाप्त

2 अंतरराष्ट्रीय उड़ान में कोई बाधा नहीं आएगी



### कुशीनगर एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर आ जाएगा

#### ऑटो मोड में काम करता है

*एयरपोर्ट पर आईएलएस और डीबीओआर (डापलर वेरी ओमनी रेंज) लगा न होने से नियमित उड़ान से घरेलू विमानन कंपनियां रुचि नहीं ले रही थी। आईएलएस विमानों के आटो मोड में लैंडिंग और टेक आफ कराता है।*

#### विशेषज्ञों की टीम आई

*एयरपोर्ट अधिकारियों की देखरख में पार्ट्स को सुरक्षित तरीके से अनलोडिंग कराई गई। आईएलएस को इंस्टाल करने के लिए विशेषज्ञ की टीम भी आ गई है। इंस्टाल करने में चार माह का समय लगने की बात कही जा रही है। इ*

#### अगस्त तक सभी कार्य पूरे होंगे

*एयरपोर्ट निदेशक आरपी लंका ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षित विमान संचालन सुनिश्चित करने के सर्वोपरि उद्देश्य को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक ग्राउंड नेविगेशनल सिस्टम स्थापित करने का कार्य चल रहा है। अगस्त माह तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।*

---

ग्रीन एनर्जी यात्रा वाला पहला देश होगा भारत

## भारत ने संभव कर दिखाया 90 फीसदी रेल विद्युतीकरण पूरा करने का काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया को महाशक्तियां जो काम नहीं कर पाईं, भारत ने वो काम कर दिखाया है। भारत ने अपने दूर दराज के क्षेत्र में भी विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया है। भारत अब तक 90% रेल विद्युतीकरण का काम पूरा कर चुका है। भारत में 100 प्रतिशत रेलवे के विद्युतीकरण होने के साथ ग्रीन एनर्जी के साथ यात्रा करने वाला दुनिया का पहला देश हो जाएगा।



### भारत के पास 68,043 किलोमीटर रेलवे ट्रैक

यूएस में 220,044, चीन में 150,000, रूस में 105,000 और भारत में 68,043 किलोमीटर रेलवे ट्रैक है। जिसमें से अभी तक भारत ने कुल 90% विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया है।

### 1854 में चली थी पहली ट्रेन

*भारत में सन 1854 में पहली यात्री ट्रेन हावड़ा स्टेशन से 24 मील की दूरी पर हुगली के लिए चलाई गई थी। उसके बाद 1856 को मद्रास रेलवे कंपनी द्वारा रेलवे का इंजन का कारखाना भी खोला गया। उस समय के बाद से लगातार भारतीय रेलवे ने तरक्की की है।*

### चीन से आगे है भारत

रेलवे ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के अनुसार पूरे विश्व भर में औसतन अभी तक कुल 47 प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य हुआ है। जापान में 75%, चीन में 66%, इटली में 64%, फ्रांस में 53%, रूस में 51%, न्यूजीलैंड में 12%, विद्युतीकरण का कार्य हुआ है।

**धूमधाम से निकाली गई मंगल कलश शोभायात्रा**

# वासंतेय नवरात्र पर्व पर गूंजे मां के जयकारे





**जबलपुर। शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। प्रथम दिन माँ देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की उपासना आराधना कर देवी देवालयों में घट स्थापना कर जवारों को बोया गया। कल सुबह से ही देवी मंदिरों में जल ढारने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों खासकर महिलाओं की कतारें लग गईं थीं।**

शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई।

वर्ष प्रतिपदा नये संवत्सर पर हिंदू संगठनों के द्वारा गुढ़ी पड़वा के रूप में नया वर्ष भी मनाया गया। गुढ़ी पड़वा मनाकर पूजन अर्चन किया गया। वहीं जगह-जगह भगवा ध्वज और भगवा झंडियां लगाकर शहर को भगवामय बनाया गया। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदेय नवरात्र घटस्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। मंगलवार की तड़के से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं देवी देवालयों, मठ मंदिरों में देर रात्रि तक घटस्थापना जवारों की बुवाई का सिलसिला चलता रहा। आज दूसरे दिन देवी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जायेगी। लगातार नौ दिनों तक शहर शनैः-शनैः भक्ति में डूबता जायेगा। मातारानी के दरबार भव्यता के साथ सजाये गये। नगर के सभी देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है।

वासंतेय नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी पर तड़के से ही सड़कों पर श्रद्धालुओं का निकलना प्रारंभ हो गया। रात के प्रथम पहर ही लोग उठ गये और स्नान ध्यान कर उन्होंने पूजा-अर्चना प्रारंभ की। महिलायें जल लेकर माँ भवानी के पैर पखारने मंदिरों की ओर चल पड़ीं। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, सदर काली मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ मढ़ाताल सिविक सेंटर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, छोटी देवन दीक्षितपुरा, छोटी खेरमाई मानस भवन राईट टाऊन में जल ढारने वाले महिला श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं नववर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न प्रखंडों में पथ संचलन निकाले गये। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, अभिनव भारत आदि संगठनों ने भी धर्म जागरण रैलियां निकालीं और वर्ष प्रतिपदा नववर्ष की शुभकामनाएं लोगों को दीं।



## माँ श्री शारदा आशीष दरबार में कलश की स्थापना

**जबलपुर।** मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में आशीष भैया द्वारा बैठकी पर शाम 7.30 बजे अखंड ज्योति कलश तथा खप्पर जवारे की स्थापना दरबार में की गई। रात्रि में 10.30 बजे के बाद दुर्गा सप्तशती का हवन किया गया। शहर व अन्य प्रांत से श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष सैकड़ों की तादाद में पहुंच कर अपने आस्थाओं के घट स्थापित कराऐ जाएंगे। दरबार प्रांगण में प्रतिदिन प्रात काल 5 बजे से नित्य आचरण व आरती एवं शाम 7.30 बजे से मां शारदा देवी के विभिन्न रूपों की दिव्य महाआरती एवं देवी जागरण भजन होंगे। मां श्री शारदा दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, श्रीमती शीला मिश्रा, श्रीमती ज्योत्सना मुखर्जी, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन, सीमा मिश्रा, आदि ने भक्तो से उपस्थिति का आग्रह किया हैं।





## शक्तिनगर में शोभायात्रा के साथ श्री नव चण्डी महायज्ञ प्रारंभ

**जबलपुर।** नव शक्ति मित्र मंडल, महिला मंडल एवं शक्तिनगर महाकाली समिति के तत्वावधान में श्री नव चण्डी महायज्ञ एवं शक्ति उपासना मंगलवार को शोभायात्रा के साथ शुरू हुई। प्राचीन माँ सिद्धी दात्री मंदिर 90 क्वाटर, शक्तिनगर में आयोजित महायज्ञ के पहले दिन निकली शोभायात्रा में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। सजीव झांकी, बैंड बाजा, ढोल यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे। विभिन्न मार्गों में भ्रमण के बाद यात्रा का समापन यज्ञ स्थल पर हुआ। यज्ञ के पहले दिन आचार्य ज्ञानेन्द्र पाठक के सान्निध्य में मंडप प्रवेश हुआ। आज 10 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से देव पूजन, पाठ एवं हवन प्रारंभ होगा। 16 अप्रैल को रात्रिकालीन विशेष हवन होगा। 17 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं कन्या पूजन होगा। कलशयात्रा में प्रशांत सिजरिया, गणेश तिवारी चंदन कोरी, किशोर सूर्यवंशी संदीप शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, तनु सीताराम पांडे, हर्ष ठाकुर, हर्षित श्रीवास्तव, आशु नामदेव, छोटू सोनी, नवीन शर्मा, दीपक नाथ, हेमा मल्हार, अरुण वर्मा, रेखा माखन, कल्पना महाजन, श्यामा सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चेट्रीचंड पर्व पर निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

जबलपुर।

चेट्रीचंड पर्व पर सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर भर्तीपुर से एक आकर्षक भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं बच्चे एवं पुरुष भक्ति में वातावरण में असंख्य संख्या में उपस्थित थे यात्रा में बैलगाड़ी पर भगवान झूलेलाल की मनोरम झांकी, युवकों द्वारा पालकी में भगवान झूलेलाल विराजमान एवं बहराणा साहेब मुख्य आकर्षण थे।

समस्त यात्रा में अनेक संस्थाओं एवं लोगों ने घरों से पुष्प वर्षा की एवं अनेक जगह पर स्टाल लगाकर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा



का शुभारंभ स्वामी अशोक नंद, स्वामी प्रदीप महाराज एवं विधायक अशोक रोहाणी, अध्यक्ष करतार सिंह बठेजा ने झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा में विधायक अशोक रोहाणी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## लालमाटी में भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा आज

**जबलपुर।** भारतीय एकता मंडल लालमाटी के द्वारा भगवान श्री झूलेलाल वरुण देवता की विशाल शोभा यात्रा 10 अप्रैल को सिंधी सिंगल क्वार्टर चांदमारी से प्रारंभ होकर सांई मंदिर, नारायण चौक, गोपाल होटल चौक, झामनदास चौक होते हुए आया राम दरबार कांचघर में समाप्त होगी। शोभा यात्रा में बहराणा साहिब, लाल सांई की संजीव झांकी, संत कंवर राम साहिब, राजा दाहिर सेन, वीर शहीद हेमू कलाणी, महाकाल और माता वैष्णों की झांकी प्रस्तुत की जाएगी जिसका जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर क्षेत्र की विभिन्न समितियां फूल माला और प्रसाद वितरण कर स्वागत करेगी।

## मंगेली में नव चण्डी यज्ञ एवं श्रीराम कथा 15 से

जबलपुर।

गौरीघाट के दक्षिण तट ग्राम मंगेली में नव चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा और संत समागम का आयोजन आगामी 15 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की रुपरेखा बताते हुए कहा कि गुरुदेव श्री श्री 1008 विष्णुदास महात्यागी के आशीर्वाद, महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 लाल दास महात्यागी महाराज की प्रेरणा और महंत श्री 108 घनश्याम दास महात्यागी महाराज के मार्गदर्शन में इस आयोजन में सम्पूर्ण भारत वर्ष से लगभग 3 हजार सन्तों का समागम होगा। इस अभूतपूर्व



आयोजन में आमंत्रण माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से लेकर भड़ूच तक दोनों तटों के रहवासियों को आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे है। श्री 108 घनश्याम दास महात्यागी ,महंत जयरामदास खेडीघाट, त्रिवेणी दास अयोध्या, गिरिराज दास , डॉ शालीन ढींगरा, मुन्ना यादव ,सुखलाल यादव,मोहन यादव,राम भरोसे यादव, प्रकाश यादव,संजय यादव, भू रा यादव,नीलम यादव, कमलेश यादव,राहुल नगरिया, मयंक राठौर, रघु तिवारी, बबलू परोहा, विनय पांडे, सनी सोनकर, उत्तम पांडे, उत्तम जैन, अमरीश देवपुरिया,आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे है। ग्राम मंगली, नर्मदा संदेश एक संकल्प संस्थान, जबलपुर नवरात्रि संस्थान, भगवती ग्रुप,त रिपुरी शोध पीठ आदि संगठनो ने भी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में तन-मन-धन से अपनी सहभागिता की अपील की हैं।

## हवाई सेवाओं में कटौती से चेम्बर और यात्री मायूस

**जबलपुर।** भारतवर्ष के मध्य में स्थित महाकोशल अंचल के आर्थिक विकास के क्रम में प्रदेश के अन्य अंचलों से कनेक्टिविटी हेतु अधोसंरचना तो तैयार हो गई है परंतु उसके समुचित उपयोग हेतु हवाई जहाज के आने-जाने की गिरती संख्या अपने आप में एक प्रश्नचिन्ह के रूप में स्थानीय प्लेयर्स के दिलों को मायूस कर रही है। जबलपुर से पुणे की हवाई सेवा बंद कर उसी स्लॉट एवं समय पर भोपाल-पुणे सेवा प्रारंभ किया जाना, जबलपुर से मुंबई की हवाई सेवा रनवे कारपेंटिंग के परिपेक्ष्य में स्थिगित की गई वहीं चंद ही दिनों में ग्वालियर मुंबई हवाई सेवा उसी स्लॉट एवं समय पर प्रारंभ की गई इसके साथ ही साथ पूर्वी अंचल से जोड़ने वाली कोलकाता फ्लाइट्स तथा पश्चिमी अंचल को जोड़ने वाली अहमदाबाद फ्लाइट जिसमें की समुचित मात्रा में हवाई यात्री उपलब्ध थे। इनको बंद करने का औचित्य समझ से परे है। महाकोशल चेम्बर द्वारा क्षेत्र की आर्थिक विकास हेतु वृहद उद्योगों औद्योगिक घरानों व कारपोरेट्स के माध्यम से क्षेत्र के औद्योगिकरण व विकास का प्रयास किया जा रहा है।

# मंगलकलश शोभायात्रा निकालकर किया हिन्दू वर्ष का स्वागत

## नारायणी सेना के आयोजन में श्रीराम के जयघोष की गूंज

जबलपुर।

चैत्र नवरात्र के अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षेल्लास के साथ नारायणी सेना जाबालिपुरम के द्वारा किया गया। इस दौरान भव्य भगवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मालम्बियों ने हिस्सा लिया। यह शोभायात्रा हितकारिणी स्कूल दमोहनाका से प्रारंभ हुई, जो कि मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्पेट, लार्डगंज, बड़ा फुहार से मिलौनीगंज पर पहुंची। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के नारों और शानदार आतिशबाजी के साथ समापन हुआ। भव्य शोभायात्रा संतों की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्वामी राघवदेवाचार्य, रोहित कृष्ण शास्त्री, नारायाणी सेना जालाबापुरिम प्रमुख सीताराम



सेन, विधायक अभिलाष पाण्डे, पं वेदप्रकाश शर्मा, पं आलोक तिवारी आदि शामिल रहे। इस संबंध में नारायणी सेना जाबालिपुरम के प्रमुख सीताराम सेन ने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत, नशामुक्त भारत, शक्तिशाली भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीराम के जयघोष के नारे लगाए गए और हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने की भी मांग की गई।

### झांकियां रहीं शामिल

भागवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर की झांकी, दुर्गा माता की प्रतिमा, शंकर भगवान की प्रतिमा, गणेश भगवान की प्रतिमाएं सहित जीवंत झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल बैण्ड, ढोल, धमाल और कांसों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया। जिसमें श्रीराम जी के भजन व हनुमान जी और माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति ने सभी के मन को मोहा। वहीं दुलदुल घोडी सहित भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र शोभायात्रा में आकर्षण का प्रमुख केन्द रहे। मंगलकलश शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया। जिन्होंने पुष्पवर्षा कर हिन्दू नववर्ष की बधाईयां देते हुए धर्मालंबियों का स्वागत किया।

## बुंदेली संस्कृति संगम की काव्य आराधना

**जबलपुर।** नवसम्वत्सर, नवरात्रि, चेतीचांद और ईद के पूर्व बुंदेली संस्कृति संगम की काव्यमय आराधना संगोष्ठी का आयोजन आनलाइन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश विचित्र थे। अध्यक्षता लोक साहित्यकार पूरनचंद गुप्ता ने की। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार भगवान सिंह लोधी, रत्ना ओझा, प्रतुल श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण थे। प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष प्रभा विश्वकर्मा शील ने बुन्देली गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वक्ताओं ने कहा कि लोक



शैली में तीज-त्योहार और रीति-रिवाज के साथ सांस्कृतिक वैभव समाहित है। संचालन डॉ.मुकुल तिवारी, संतोष नेमा एवं आभार विजय जायसवाल के साथ आशुतोष तिवारी ने किया। द्वितीय सोपान में काव्य गोष्ठी हुई जिसमें राजेंद्र रतन, मिथलेश नायक, डॉ.अरुणा पांडेय, तरुणा खरे,सुषमा वीरेंद्र खरे,अनुराधा गर्ग दीप्ति,कविता राय,चंद्र प्रकाश वैश्य, अभिमन्यु जैन,डॉ.आशा श्रीवास्तव,डॉ.कृष्ण कुमार नेमा,प्रीति नामदेव,कृष्णा राजपूत,कविता नेमा,राम वल्लभ गुप्त,कल्याण दास साहू,कुंजीलाल चक्रवर्ती,शोभाराम दांगी,इन्दु नंदनवारा,रेखा नेमा,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, कृष्णनिशा तिवारी ने नव संवत्सर, नवरात्रि, ईद पर काव्य रस वर्षा की।



## माँ आदिशक्ति दरबार में नौ दिन धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व पर माँ आदिशक्ति दरबार में नौ दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। प्रतिपदा में माँ शैलपुत्री की पूजा एंव नीला चोला का श्रृंगार किया गया। द्वितिया चंद्रर्शन माँ ब्रहमचारिणी की पूजा व पीला चोला अर्पित किया जायेगा। तृतिया सिंदूर माँ चंद्रघंटा का हरा चोला चढ़ाया जायेगा। चतुर्थी में बरद विनायक चौथ माँ कुष्मांडा पूजा की जायेगी। अष्टमी में महाआरती एवं रामनवमीं में हवन एवं पूर्णाहुति एवं 18 अप्रैल को कन्या भोज वं भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## चाँद नहीं दिखा ईद कल

**जबलपुर।** मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने अपने एक बयान मे कहा है की 29 रमजान मुताबिक 9 अप्रैल को चाँद नज़र नहीं आया है । लिहाजा रमजान शरीफ के पूरे तीस रोजे होने पर आगामी 11 अप्रैल को ईद उल फित्र मनाई जाएगी। मौलाना साहब ने कहा है की ईदगाह कला रानीताल मे प्रात 10.30 बजे ईद की नमाज नायबे मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी अदा कराएँगे। ईदगाह नमाज खड़ी होने के आधे घंटे पहले पहुँचने की गुजारिश की गई है। वहीं दूसरी तरफ ईद की तैयारीयों को लेकर बच्चों और नौजवानों मे काफी उत्साह है। मीना बाजार मे अब काफी जन सैलाब उमड़ रहा है। तरह तरह की सेवईयां , टोपियां, कुर्ता पैजामा ले लिया गया है और ईद का इन्तजार किया जा रहा है। मुस्लिम महिलाएW भी घर की साफ सफाई कर ईद खरीददारी करने मे लगी हुई है। मुस्लिम समाज के हाजी कदीर सोनी, अख्तर सरदार, वकील अंसारी, गुड्डू नबी उस्मानी, कलीम खान, मतीन अंसारी, हाजी फिरोज कमाल, हाजी मुईन खान, अमीन कुरेशी, हाजी इसरार अहमद, मुबारक कादरी हाजी तोसिफ रजा, सैय्यद कादिर अली कादरी, सैय्यद शौकत अली, जवाहर कादरी आदि ने ईद के मौके पर ईदगाहों एवं शहर की तमाम मस्जिदों के पास साफ सफाई, जलपूर्ती, तथा विधुत प्रवाह निर्बाध रूप से जारी करने की अपील की है ।



# मप्र में बिजली के दामों में प्रदेश के उपभोक्ताओं से भेदभाव

## घर में महंगी, बाहर सस्ती बेच रहे ऊर्जा

जबलपुर।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए 1.65 प्रतिशत से रेट बढ़ाना, उसके उल्टे प्रदेश के बाहर सरप्लस बिजली के नाम पर रेट घटाकर बिजली बेचने से भेदभाव निर्माण हुआ है। यह संविधान के खिलाफ है, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इस मामलें में जिला कलेक्टर के माध्यम से एक ज्ञापन विभिन्न संगठनों के मौजूदगी में राज्यपाल के नाम भेजा। ज्ञापन की प्रतिलिपि भी विद्युत नियामक को भेजी गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्यपाल इस मामलें में हस्तक्षेप करे और लोगों को राहत दिलाए। यह निवेदन आज विभिन्न संगठनों ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को भेजा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि विद्युत नियामक आयोग को भेजी। ज्ञापन में बताया कि



प्रदेश के बाहर बिजली बेचने हेतु 4.58 रुपए कि.वैट तय कि गए है, जबकि प्रदेश में 300 यूनिट तक 5.37 रुपए तथा 300 यूनिट के ऊपर 6.80 रुपए प्रति यूनिट तय किए गए है। स्पष्ट है कि प्रदेश के बाहर बेचने के रेट औसतन 1 रुपए 5 पैसे कम है, अतः वे 32 प्रतिशत से सस्ते रेट है।

कार्यक्रम में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक मंच, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, पेंशनर समाज, महिला समिति आदि संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, तपन रामघटक, डीके सिंह, पीएस राजपूत, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, आरपी चौबे, जीपी विश्वकर्मा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डीआर लखेरा आदि उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने आयोजित किया रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसिलिंग' कार्यक्रम




भुबनेश्वर।

भारतीय रेल के रनिंग स्टाफ, गाड़ियों के सुरक्षित चालन के लिए आधार स्तम्भ हैं। ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए, रनिंग स्टाफ को सतर्क और जागृत रहना चाहिए। इस उद्देश्य के साथ पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने अधिकारी क्लब में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट परिवारों के लिए 'रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसलिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया है। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अध्यक्ष, श्रीमती गुरसिमरन कौर तथा संगठन के अन्य सदस्यगण इस काउंसलिंग कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित रहे।

लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, ताकि वे घर पर अपने जीवनसाथी के उचित आराम को कैसे सुनिश्चित कर सकें, ताकि वे अगली यात्रा के लिए फिर से तैयार हो सकें और ट्रेन सिगनल पास्ड एट डेंजर (एसपीएडी) जैसी स्थितियों से बचा जा सके।

इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गुरसिमरन कौर ने कहा कि रनिंग स्टाफ के परिवार ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगली यात्रा के लिए आगे बढ़ने से पहले उनके जीवनसाथी ने उचित आराम किया है। पत्नियों को परिवार के प्रति अपने कर्तव्य और रनिंग स्टाफ के प्रति अपने कर्तव्य के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। उन्होंने लोको पायलटों की पत्नियों से इस संबंध में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में बातचीत की और मानदंडों के अनुसार उन्हें पूरा करना सुनिश्चित किया। 50 से अधिक रनिंग स्टाफ के परिवारों ने काउंसिलिंग कार्यक्रम में भाग लिया। रनिंग स्टाफ फैमिली काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रिकल (ऑपरेशन) विभाग के संचालन में किया गया।

# स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरिजी महाराज के श्रीमुख से "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" का शुभारम्भ



**हरिद्वार।** शक्ति एवं मर्यादा साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म ऋषिधर्म के संवाहक परमपूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरि जी महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" का शुभारम्भ आज योगभवन, पतंजलि योगपीठ-2 के सभागार में हुआ। कथा के प्रथम दिन पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज व श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने व्यासपीठ को प्रणाम करते हुए पूज्य गोविन्ददेव गिरि जी महाराज से कथा प्रारंभ करने का अनुरोध किया।

कथा में स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज ने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक किसी राजा का राज्याभिषेक नहीं था तथापि वह भारतीय इतिहास का सर्वोत्तम स्वर्ण क्षण था। इसके उपरान्त भारतीय इतिहास का दूसरा स्वर्ण क्षण 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का क्षण था। उन्होंने कहा कि आयु के 15वें वर्ष में छत्रापति शिवाजी ने हिन्दू साम्राज्य की स्थापना हेतु प्रतिज्ञा ली। उसके बाद अनेक प्रकार की आपदाओं को झेलते हुए, संघर्ष करते हुए, शत्रुओं से घिरे रहने पर भी युद्ध नीति का आश्रय लेते हुए उन्हें परास्त करके लगभग 350 किलों का आधिपत्य निर्माण किया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि सनातन हिन्दू धर्म के दो पक्ष हैं- एक भारत की सनातन ज्ञान परम्परा ऋषि परम्परा, वेद परम्परा जो 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 122 वर्ष पुरानी हमारी सांस्कृतिक विरासत है और दूसरा हमारे भारत के पूर्वजों का पराक्रम, शौर्य व वीरता। हमारा केलेण्डर 2024 वर्ष पुराना नहीं है। दुर्भाग्य से हम अपने इतिहास को, अपनी संस्कृति को, अपने वैभव को, गौरव को इतने भूल गए कि लगभग 200 करोड़ वर्ष पुरानी संस्कृति, संस्कारों, अपने सनातन ज्ञान के प्रवाह को, पुण्यों के प्रवाह को विस्मृत करके हम गुलामी, आत्मग्लानि, कुण्ठाओं व भ्रान्तियों में डूब गए थे। सनातन धर्म को किसी सहारे की आवश्यकता नहीं है, किसी राजाश्रय, कॉर्पोरेट हाऊस या राजनैतिक पार्टी की आवश्यकता नहीं है। ये सनातन के रक्षक नहीं है। सनातन धर्म तो शाश्वत है लेकिन सनातन धर्म विरोधी, राष्ट्र विरोधी, असुर व राक्षस प्रवृत्ति के लोग जब सनातन के मूल्यों व आदर्शों पर प्रहार करते हैं, उस समय जिस जुझारूपन की जरूरत होती है वह हिन्दुत्व है। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, पतंजलि विश्वविद्यालय, आचार्यकुलम, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, पतंजलि गुरुकुलम, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन, पतंजलि कन्या गुरुकुलम, वैदिक गुरुकुलम इत्यादि सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के समस्त संन्यासी भाई व साध्वी बहनें, पतंजलि योगपीठ फेस-1, फेस-2 के थैरेपिस्ट, चिकित्सक सभी कर्मयोगी भाई-बहन आदि उपस्थित रहे।

## बिगड़ रहा किचन का बजट

# सप्लाई चेन गड़बड़ाई, आलू-प्याज की बढ़ती कीमतों से लगातार परेशान हो रहे उपभोक्ता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**विक्रेता और उपभोक्ता बोले- एक चीज जब तक सस्ती होती है, तब तक दूसरी चीज हो जाती है महंगी**

महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाने-पीने की एक चीज जब तक सस्ती होती है, तब तक दूसरी चीज महंगी हो जाती है। इससे आम लोगों के किचन का बजट बिगड़ गया है, लेकिन आलू-प्याज की बढ़ती कीमत से सबसे अधिक लोगों को परेशानी हो रही है।

क्योंकि आलू-प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसे सदाबहार सब्जी के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है और हर किचन में रोज इस्तेमाल किए जाने वाला खाद्य पदार्थ है, लेकिन आलू-प्याज की आसमान छूती कीमतें अब लोगों की जेब का बोझ बढ़ाने लगे है।

**खास बातें**
- आपूर्ति में कमी के कारण इसमें वृद्धि जारी
- 20 से 30 रुपए प्रति किलो हो गया आलू



### व्यापारियों का दावा है कीमत में अभी जारी रहेगी वृद्धि

स्थानीय करोंद स्थित थोक सब्जी व्यापारी के अनुसार आलू-प्याज की कीमत में दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फरवरी महीने में होलसेल कीमत में आलू 10 से 12 रुपए किलो थी, अब दोगुनी होकर 20 से 30 रुपए प्रति किलो हो गई है। तो प्याज जो 12 से 15 रुपए किलो थी वह हाट बाजार में दोगुने दाम क्वालिटीनुसार 20 से 40 रुपए किलो के भाव बेची जा है। व्यापारियों का दावा है कि कीमत में वृद्धि अभी जारी रहेगी।

### दाम ऊंचे होने से लोग नहीं बना पा रहे चिप्स

सब्जी के थोक विक्रेता जावेद अब्दुल रकीब और राजेंद्र सैनी ने बताया कि पिछले 10 से 15 दिनों से कीमतें बढ़ रही हैं और आपूर्ति में कमी के कारण इसमें वृद्धि जारी रहेगी। प्रतिकूल मौसम के कारण पिछले दो वर्षों से आलू के उत्पादन में गिरावट आई है। वहीं कीमत में बढ़ोतरी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना कि गर्मियों में अक्सर लोग साल भर खाने के लिए चिप्स तैयार करते हैं। लेकिन कीमत में वृद्धि के कारण चिप्स तैयार नहीं हो पा रहा है।

**किसानों को मिल रहा 15 रुपए का भाव**

## विदेशी व्यापारी कमा रहे एक किलो पर 120 रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के प्याज किसानों, व्यापारियों और आढ़तियों का आरोप है कि देश के किसानों से 12-15 रुपए प्रति किलो की दर से प्याज खरीदा जा रहा है, जबकि वही प्याज यूएई के व्यापारी अपने स्टोर में 120 रुपए किलो पर बेच रहे हैं। यही हाल बांग्लादेश, भूटान, मॉसीशस और बहरीन के साथ भी है। सरकार ने बांग्लादेश के लिए 50,000 टन, भूटान के लिए 550 टन, बहरीन के लिए 3,000 टन और मॉरीशस के लिए 1200 टन प्याज निर्यात को मंजूरी दी है। भारत ने जब से प्याज निर्यात पर बैन लगाया है, तब से दुनिया के कई देशों में इसके दाम में बड़ा उछाल देखा जा रहा है। अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह दाम 1200-1500 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज का दाम बहुत अधिक है, लेकिन यूएई को सस्ते में प्याज मिल रहा है. इस पर भारत के किसान और व्यापारियों ने नाराजगी जाहिर की है।



## 'अटल' सीरियल के लीड कलाकारों ने किये राम लला के दर्शन



**अयोध्या।** एण्डटीवी के शो 'अटल' के प्रमुख कलाकारों ने पहली बार अयोध्या की यात्रा की। यह एक यादगार पल था, जिसने उन्हें अपने आध्यात्मिक सफर को प्रदर्शित करने और उत्सव से पहले राम लला का आशीर्वाद लेने में सक्षम बनाया। नेहा जोशी ऊर्फ अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने अपने रोमांच और अनुभव के बारे में बताते हुये कहा, "राम मंदिर जाने के सिर्फ विचार ने ही मेरे मन को आभार एवं समर्पण की भावना से भर दिया था। भगवान राम का भक्त होने के नाते, अयोध्या जाने और मंदिर में दर्शन करने का मौका पाना, मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। राम लला की पावन मूर्ति के सम्मुख खड़े होना एक ऐसा अनुभव था, जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगी। मैं वाकई अवाक व भावुक थी। मैंने जैसे ही राम लला का मनभावन मुखड़ा देखा, मेरी आंखों में खुशी के आंसू उमड़ पड़े। आशुतोष कुलकर्णी ऊर्फ कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा म राम नवमी उत्सव से पहले मुझे राम मंदिर जाकर भगवान राम का आशीर्वाद लेने और यहां की भव्य तैयारियों को देखने का मौका मिला। यह वाकई में प्रेरणादायक और अद्भुत अनुभव था। मंदिरों की कलात्मक वास्तुकला ने मुझे हमेशा ही चौंकाया है और राम मंदिर इसमें पीछे नहीं था। मंदिर परिसर में कदम रखते ही मेरे अंदर समर्पण की गहरी भावना जागृत हो गई। जब मैं गर्भगृह के निकट पहुंचा, तो राम लला की दिव्य मूर्ति के दर्शन हुए, जो भगवान राम के शाश्वत ब्रह्मांडीय प्रकाश का प्रतीक है। इस दृश्य ने मुझे श्रद्धा से नतमस्तक कर दिया।

# दाल मिलर्स और स्टॉकिटों की लेवाली बढ़ने से चने की तेजी को मिला 'बल'

**भोपाल।** घटे भावों पर दाल मिलर्स व स्टॉकिटों की लेवाली बढ़ने से चना की कीमतों में तेजी दर्ज हुई है। चना की सरकारी खरीद शुरू होने से चना की बढ़ती कीमतों को समर्थन मिला। नैफेड द्वारा अब तक 13186 क्विंटल रबी 2024 चना की खरीदी की गई। मंडी व्यापारियों के अनुसार मध्यप्रदेश चना की कीमतों में 200 रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गए है। इस तेजी के साथ क्वालिटीनुसार चना 5500 से 6000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया है।

स्थानीय करोंद अनाज मंडी स्थित चना व्यापारी, भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार आने वाले दिनों में चना खरीदी गति में बढ़त देखी जा सकती है। दाल मिलर्स की लिवाली बढ़ने से चालू साप्ताह के दौरान चना की कीमतों में सुधार दर्ज किया गया और इस सुधार के साथ भोपाल सहित प्रदेशभर की मंडियों में चने के भाव मजबूत है।

### लिवाली बेहतर होने से उड़द में मजबूती

उपलब्धता कमजोर बनी रहने व दाल मिलर्स की मांग मजबूत होने से उड़द की कीमतों में तेजी का रुख है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन उड़द की बिजाई गत वर्ष की समानवधि से 12 हजार हैक्टेयर बढ़कर 2.23 लाख हैक्टेयर पहुंच गई। बर्मा निर्यातकों द्वारा उड़द की बिकवाली भाव बढ़कर किए जाने से आयात पड़तल ऊंचा बैठ रहा। जिसका असर भारतीय बाजार पर देखा जा रहा। आयातकों की बिकवाली कमजोर पड़ने व लिवाली बेहतर होने से उड़द में 225 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एफएक्यू वाला उड़द 9200 रुपए और एसक्यू उड़द 9650 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर पहुंच गया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरूरतमंद लोग Whatsapp या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/4/अप्रैल/24)

आवश्यकता है- Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें-9279501139, 7319476022 (रायपुर/16/अप्रैल/24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704. (रायपुर/10/अप्रैल/24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।


# ग्रीस में मिला 1300 साल प्राचीन मंदिर

## मूर्तियां देख हैरान रह गए शोधकर्ता चंद्रमा की देवी आर्टेमिस का है मंदिर



**बर्न।** स्विट्जरलैंड और ग्रीस के पुरातत्वविदों ने ग्रीक देवी आर्टेमिस का प्राचीन मंदिर खोज निकाला है। यह मंदिर सातवीं सदी का बताया जा रहा है। इसमें कई मूर्तियां, बर्तन आदि निकले हैं। देवी आर्टेमिस ग्रीस में शिकार और चंद्रमा की देवी मानी जाती हैं। स्विस स्कूल ऑफ आर्कियोलॉजी ने ग्रीस में एक प्रेस कॉन्फ्रेस करके इस मंदिर के बारे में बताया। बताया जाता है कि आर्टेमिस वर्जिन ग्रीक देवी थीं. जो शिकार और चंद्रमा की देवी कही जाती थीं. अपोलो इनका जुड़वा भाई कहा जाता है। ये दोनों ही सूर्य देवता की संतानें कही जाती हैं। इन्हीं प्राचीन देवी-देवताओं की कहानियों का चित्रण करते हुए बर्तन, मूर्तियां इस मंदिर में मिले हैं। कई मूर्तियां तो सही-सलामत हैं लेकिन कई खराब हो चुकी हैं। इस मंदिर के अंदर मिली अंगीठियां और वेदियां मंदिर की बाहरी संरचना के विपरीत बनाई गई हैं। यह ग्रीक मंदिरों के नियमों में शामिल हैं। एक बड़ा इलाका ऐसा मिला है, जहां पर जलने जैसी चीजें है। यहां पर बलि चढ़ाने की परंपरा होती रही होगी। बलि में इस्तेमाल जीवों के अवशेष भी मिले हैं। हड्डियां भी मिली हैं। जो कि राख के भारी ढेर के बीच दबी हुई थीं. इसके अलावा बर्तन, हथियार, जेवर-गहने, कीमती वस्तुएं भी इस जगह पर मिली हैं।

## शब्द पहेली - 5477



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5476 का हल**



## सूडोकु नवताल - 548 8

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5487 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



# अक्षय खरीदेंगे बचपन का 500 रुपए किराए वाला घर

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। इस दौरान वह टाइगर श्रॉफ के साथ मूवी के प्रमोशन में बिजी हैं। एक पॉडकास्ट के दौरान अक्षय ने अपने बचपन के दिनों की यादें ताजा कीं। कहा कि मुंबी के डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल जाकर अच्छा लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस घर में 500 रुपए किराया देकर रहते थे, उसे खरीदने का प्लान भी कर रहे हैं। अक्षय कुमार रणवीर अल्लाहबादिया के शो पर गए थे। उनसे पूछा गया कि डॉन बॉस्को स्कूल जाकर कैसा लगता है तो बोले, मुझे पता नहीं क्या साइकोलॉजी है लेकिन मुझे अच्छा लगता है वहां जाना।

लाइफ Style

# कृति सेनन

## महिला प्रधान फिल्मों पर भी पैसा लगाने की जरूरत

कृति ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, "दर्शकों को थिएटर तक खींचने के लिए एक फिल्म का में किसी हीरो का रोल होना बहुत जरूरी नहीं है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

काफी लंबे समय से, लोगों ने पुरुष-केंद्रित फिल्मों की तरह महिला प्रधान फिल्मों को अपनाने का जोखिम नहीं उठाया है। उन्हें लगता है कि दर्शक थिएटर नहीं आएंगे और उन्हें पैसे नहीं मिलेंगे। हालांकि, अब समय बदल गया है और लोगों की सोच भी काफी बदल गई है।' अभिनेत्री 'क्रू' की उपलब्धि को हिंदी सिनेमा के एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखती है। फिल्म 'क्रू' की सफलता पर बात करते हुए कृति ने कहा "यह एक तरह की शुरुआत है। मैं कम से कम एक बदलाव की उम्मीद कर रही हूं। लोगों को ऐसी फिल्मों से बहुत उम्मीदें नहीं हैं। लोगों का विश्वास कम है।

चीजों को बदलने के लिए उस विश्वास को मजबूत होने की जरूरत है। यदि आप एक फिल्म में उतना ही निवेश करते हैं जो आप डंकी पर करते हैं तो जाहिर है कि महिला प्रधान फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन करेंगी।" संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित आलिया भट्ट की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' 2022 की हिट के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा कि यह फिल्म भी एक महिला केंद्रित फिल्म थी, लेकिन आज भी लोग इस फिल्म को देखना काफी पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता का परचम लहराया था।



हॉलीवुड मसाला




# एंजेलिना का ब्रैड पिट पर सनसनीखेज आरोप

**लॉस एंजिलिस।** कभी हॉलीवुड के सबसे चर्चित जोड़ी में शुमार रही एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। दोनों सितारे अब अलग हो चुके, लेकिन फ्रांस की वाइनरी की संपत्ति विवाद को लेकर कोर्ट में दोनों के बीच लड़ाई जारी है। अब इस कानूनी लड़ाई में नया मोड़ आ गया है। एंजेलीना जोली के वकील ने ब्रैड पिट पर 2016 के चर्चित विमान घटना से पहले भी हिंसक रवैया अपनाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। अब एंजेलिना जोली की तरफ से दावा किया गया है कि यह समझौता पहले ही टूट गया था, जब ब्रैड पिट ने जोली को एक नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करने को कहा था।




# गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रीक्वल पर आया बड़ा अपडेट

**लॉस एंजिलिस।** 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज को दुनियाभर में पसंद किया जाता है। फैंस को इसकी प्रीक्वल सीरीज 'ए नाइट ऑफ द सेवेन किंगडम्सः द हेज नाइट' का लंबे समय से इंतजार है। अब सीरीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीरीज को इसके लीड कलाकार मिल गए हैं। यह सीरीज जॉर्ज आरआर मार्टिन की लिखी 'टेल्स ऑफ डंक एंड एग' में चित्रित पात्रों पर आधारित है। इन किरदारों को निभाने के लिए पीटर क्लैफी को डंक के रूप में, जबकि डेक्सटर सोल एंसेल को एग के रूप में चुना गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक शो पर साल 2021 से ही काम चल रहा था, जबकि एचबीओ 2023 में इस पर सीरीज बनाने पर मुहर लगाई थी। मार्टिन और इरा पार्कर इस शो के लेखक हैं। साथ ही, वे रयान कोंडल, विंस जेरार्डिस, ओवेन हैरिस और सारा ब्रैडशॉ के साथ इस शो के कार्यकारी निर्माता भी हैं।



# टाइगर ने की सिंगल होने की पुष्टि

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। टाइगर श्रॉफ की पर्सनल लाइफ पिछले कुछ वक्त से चर्चा का विषय रही है। टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी काफी वक्त तक रिलेशनशिप में रहे हैं लेकिन फिर बीच में कई बार दोनों के ब्रेकअप की खबरें आईं। फिर दोनों के पैचअप को लेकर तमाम तरह की बातें सामने आईं लेकिन आधिकारिक पुष्टि ना तो टाइगर ने की, और ना ही दिशा पाटनी ने। अब एक इंटरव्यू के दौरान टाइगर श्रॉफ ने इस बारे में कुछ ऐसा कहा है जिसे इस बात का ऑफिशियल अनाउंसमेंट माना जा रहा है, कि एक्टर अब सिंगल ही हैं। बातचीत में जब टाइगर श्रॉफ से पूछा गया कि क्या आप सिंगल हैं? आपकी जिंदगी किस दिशा में जा रही है? तो जवाब में टाइगर ने कहा, "मेरी एक ही दिशा है लाइफ में।



# कार्तिक ने स्टूडेंट लाइफ पर बोला मोनोलॉग

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इन दिनों कई चीजों में बिजी चल रहे हैं। वह लगातार फिल्मों और अन्य प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में करण जौहर और कार्तिक दोनों एक इवेंट में शामिल हुए। रविवार को वे साथ में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए थे। अब इवेंट से उनका एक वीडियो सामने आया है। कार्तिक का 'प्यार का पंचनामा' का मोनोलॉग इतना हिट हुआ कि वह जहां जाते हैं इसकी डिमांड होने लगती है। अब एक्टर ने उसी तरह का मोनोलॉग स्टूडेंट लाइफ पर बोला है। कार्तिक और करण दोनों स्टेज पर होते हैं। करण उनसे कहते हैं, 'तुम भी कभी स्टूडेंट रहे हो कार्तिक तो टिप्स देने में क्या प्रॉब्लम है?' इसके बाद जो उन्होंने एक सांस में अपना मोनोलॉग बोला और बताया कि स्टूडेंट होना ही अपने आप में प्रॉब्लम है। जब उनकी स्पीच खत्म होती है तो करण उन्हें 'किंग ऑफ मोनोलॉग' का नाम देते हैं।

# दर्शकों को नहीं हजम हुआ ईशान के लिए सवि का प्यार




**मुंबई।** गुम है किसी के प्यार में सीरियल के दर्शक सवि के बदले रूप को हजम नहीं कर पा रहे। कई लोग सवि और ईशान का रोमांस देखने की डिमांड कर रहे थे। दर्शकों को लग रहा था कि ईशान को उससे प्यार होगा और सवि नखरे दिखाएगी। हालांकि उलटा हो गया और सवि का मिजाज बदला लग रहा है। उसका अचानक ऐसे पत्नी धर्म निभाना लोगों को रास नहीं आ रहा और ट्विटर पर ट्रोलिंग चल रही है। सीरियल में दिखाया गया कि ईशान ने पूरी ताकत लगाकर हरिणी को बचाया और सवि के लिए बारिश में रातभर भीगता रहा। यह देखकर सवि इम्प्रेस हो गई। सवि ईशान के साथ कॉलेज जाएगी तो रास्ते में रीवा और ईशान साथ में पेरिस जाने की बात करेंगे। यह सुनकर सवि का चेहरा उतर जाएगा और उसे खांसी आने लगेगी। वह झूठ बोलकर गाड़ी से उतर जाएगी। सवि गाड़ी से उतरकर खुद सोचेगी कि उसे क्या हो गया है और बुरा क्यों लग रहा है। कॉलेज में सवि ईशान की केयर करती दिखेगी। उसको जुकाम होने पर काढ़ा बनाकर देगी। ईशान डांट लगाएगा कि पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं दे रही। क्योंकि सवि के नंबर क्लास टेस्ट में भी कम आएंगे।

# कपिल शर्मा के शो में धमाल मचाएगी 'चमकीला' की कास्ट



**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा ने एक बार फिर से अपने धमाकेदार शो के साथ वापसी की है। कपिल का नया शो 'द ग्रेट कपिल शर्मा शो' 30 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। अब तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड का प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। 'द ग्रेट कपिल शर्मा शो' के तीसरे एपिसोड में 'चमकीला' की कास्ट की कास्ट आने वाली है। शो परिणीति चोपड़ा, दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली बतौर गेस्ट बनकर पहुंगे। इस दौरान हमेशा की तरह ही कपिल शर्मा अपने मेहमानों संग मस्ती करने से नहीं चूकेंगे। शो का नया प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। प्रोमो में आप देख सकते हैं कि 'चमकीला' की कास्ट की कास्ट गाड़ी में बैठकर धमाकेदार एंट्री मारती है। ये गाड़ी कपिल खुद चलाते नजर आ रहे हैं।

# सिंदूर, लिपिस्टिक, साड़ी... अल्लू अर्जुन का धमाकेदार कमबैक



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड मूवी 'पुष्पा द रूल' का टीजर वीडियो सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। रिलीज के बाद मिनटों के भीतर यह टीजर वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। फिल्म इसी साल 15 अगस्त के दिन सिनेमाघरों रिलीज होनी है। फिल्म का टीजर वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन ने लिखा, "जन्मदिन पर आप सभी की शुभकामनाओं के लिए आपका शुक्रिया। दिल से सभी का आभार। प्लीज इस टीजर वीडियो को मेरा थैंक्यू समझिए।" टीजर वीडियो की शुरुआत होती है साड़ी पहने एक शख्स की एंट्री से जो कुछ लोगों की लाश के ऊपर से गुजरता है और फिर कैमरा ऊपर की तरफ जूम करता है तो फैंस को दिखाई पड़ता है अल्लू अर्जुन का बदला हुआ लुक। अल्लू अर्जुन साड़ी पहने और आभूषणों में बिलकुल अलग नजर आ रहे हैं। हवा में त्रिशूल घुमाते और कई लोगों को सिर्फ एक हुंकार से रुकने को मजबूर कर देते पुष्पा का यह नया अवतार फैंस को बहुत अपीलिंग लगा। सोशल मीडिया पर लोग अल्लू अर्जुन की फिल्म के इस टीजर वीडियो की तारीफ करते नहीं थक रहे।

# दूसरे धर्म के सितारे भी मनाते हैं नवरात्रि

## मां दुर्गा की करते हैं अराधना

**मुंबई।** आज यानि 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू होने जा रहा है। भक्तजन पूरे दिल से इसके इंतजार में रहते हैं। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। इसलिए नवरात्रि का हिंदू धर्म में खास महत्व है। फिल्मी जगत के सितारे भी इन दिनों में पूजा-पाठ करते नजर आते हैं। इस मौके पर सभी धर्म के सितारे अराधना करते हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ सितारों के बारे में बताएंगे जिनका धर्म तो मुस्लिम है, लेकिन वे भी पूरे श्रद्धा भाव के साथ नवरात्रि में पूजा-पाठ करते हैं।



### सारा अली खान


अभिनेत्री सारा अली खान नवरात्रि मनाती हैं। साल 2018 में उन्हें नवरात्र के दौरान माता वैष्णो देवी के दरबार में देखा गया था। सारा की वैष्णों देवी यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। इस दौरान सारा को माता के जयकारे लगाते हुए भी सुना गया था।

### नुसरत जहां



बंगाली अभिनेत्री नुसरत जहां भी माता रानी की भक्त हैं। उन्हें हर साल नवरात्रि मनाते हुए देखा जाता है। वे जब-जब माता के दरबार में पहुंचती हैं, तब-तब उनका पारंपरिक लुक काफी वायरल होता है।

### शाहरुख खान



सुपरस्टार शाहरुख खान भी नवरात्र को बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं। उनके घर पर इसके लिए आयोजन भी होता है। शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी खान को मां का आशीर्वाद लेते हुए कई बार देखा जा चुका है।



### हिना खान

टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री हिना खान भी नवरात्रि को मनाती हैं। पिछले साल उन्हें मां दुर्गा का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया था। वे पारंपरिक परिधान में माता के पंडाल में पहुंची थीं। हिना को माता के दरबार में देखकर उनके प्रशंसकों ने उनकी काफी तारीफ की थी। वे हाल ही में तीसरे उमराह के लिए काबा शरीफ भी गई थीं।

# इलियाना ने शेयर की बेटे कोआ की तस्वीर



**मुंबई।** अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने 1 अगस्त साल 2023 में अपने बच्चे कोआ फीनिक्स डोलन को जन्म दिया था। तभी से अभिनेत्री अपनी और अपने बेटे कोआ की लाजवाब तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती आई हैं। अभिनेत्री ने अपने बेटे कोआ और पति माइकल की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर की। जिसे देखकर कोई भी कोआ की इन मासूम हरकतों पर अपना दिल हार बैठेगा। इलियाना ने कुछ समय के लिए फिल्मों से ब्रेक लिया है क्योंकि वह अपने बेटे कोआ के साथ महत्वपूर्ण समय बिताना चाहती हैं। इलियाना अपनी निजी जीवन की तस्वीरों को अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। इलियाना ने अपने सोशल मीडिया पर बेटे कोआ और पति माइकल की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर साझा की है। इस फोटो में किसी को भी कोओ की मासूमियत को देखकर प्यार हो जाएगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
09 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

623 चौके

382 छक्के

## खबर संक्षेप



### पाक के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है। पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रहे महमूद ब्रिटेन में बसे हैं और इंग्लैंड तथा वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मान्यता प्राप्त कोच हैं। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालिन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे।

### नेपोम्नियाश्चि जीत के प्रबल दावेदार, भारतीय भी दौड़ में

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके सभी को चौंका दिया है और शुरूआती दौर के कठिन मुकाबलों में अच्छी चुनौती पेश की। टूर्नामेंट में मंगलवार को विश्राम दिवस रहा। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरूआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। विदित गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। उन्होंने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नकामूरा को हाल ही में हराया था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। रूस पर लगे प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया।




### आस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय टीम

**पर्थ।** पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाये।



# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ : श्रीलंका के कामिंदु और महिलाओं में मैया बाउचर ने जीता पुरस्कार



एजेंसी ▶▶ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। बीते महीने अपने बल्ले से कमाल करने वाले मेंडिस ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को ये पुरस्कार मिला है।

### कामिंदु का प्रदर्शन

बीते महीने कामिंदु ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे। वह किसी टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले नंबर-7 या उससे निचले क्रम के पहले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में नाबाद 92 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश के विरुद्ध टी-20 सीरीज में क्रमशः 65*, 19, 37 और 12 के स्कोर किए।



### बाउचर ने एश्ले और केर को पीछे छोड़ा

महिला खिलाड़ियों में बाउचर ने ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता है। बीते महीने बाउचर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 223 रन बनाए थे। ऑलराउंडर गार्डनर ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 8 विकेट लिए और टी-20 सीरीज में 4 विकेट चटकाए थे। वहीं केर ने इंग्लैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में 114 रन बनाने के साथ-साथ 6 विकेट लिए थे।

# आईपीएल : राजस्थान रायल्स की गुजरात से भिड़ंत आज, मुकाबला होगा काफी रोमांचक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 24वां मुकाबला आज 10 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। आरआर ने इस सीजन अब तक 4 मुकाबले खेले हैं।उन्हें सभी मुकाबले में जीत मिली है और वह अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं।

जीटी ने अब तक 5 मुकाबले खेले हैं। दो मैच में उन्हें जीत और 3 मुकाबलों में टीम को हार मिली है। इस मैच में जहां आरआर अपनी जीत की लय को बरकरार रखने पूरा दमखम लगाएगी वहीं गुजरात टाइटंस आरआर के विजय रथ को रोककर इतिहास रचना चाहेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियो सिनेमा ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

### आरआर के खिलाफ जीटी का पलड़ा रहा है भारी

जीटी और आरआर के बीच अब तक कुल 5 मुकाबले खेले गए हैं। 4 मुकाबलों में जीटी को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच आरआर ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2023 में दोनों के बीच 2 मुकाबले खले गए थे। एक मुकाबला आरआर ने 3 विकेट से अपने नाम किया था और एक मैच जीटी ने 9 विकेट से जीता था। साल 2022 में 3 मुकाबले खेले गए थे और सभी मैच जीटी ने अपने नाम किए थे।




### इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है जीटी की टीम

जीटी ने पिछले 2 मैच में केन विलियमसन को मौका दिया, लेकिन वह कुछ खास नहीं कर पाए। ऐसे में आरआर के खिलाफ उनका प्लेइंग इलेवन में खेलना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। डेविड मिलर की वापसी तय मानी जा रही है। विजय शंकर और अजमतुल्लाह उमरजई को मध्यक्रम में अच्छा करना होगा।

### ये हो सकते हैं इम्पैक्ट सब्स प्लेयर

जीटी : साई सुदर्शन, अभिनव मनोहर, केन विलियमसन, जोशुआ लिटिल और साई किशोर।

आरआर : रोवमैन पॉवेल, तनुश कोटियन, कुलदीप सेन, शुभम दुबे और संदीप शर्मा।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

आरआर के यशस्वी ने पिछले 10 मैच में 177.33 की स्ट्राइक रेट से 360 रन और सैमसन ने पिछले 10 मैच में 153.36 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बनाए हैं। जीटी के शुभमन ने पिछले 10 मैच में 169.88 की स्ट्राइक रेट से 598 रन बनाए हैं। सुदर्शन के नाम पिछले 8 मैच में 143.89 की स्ट्राइक रेट से 377 रन है। आरआर के चहल ने पिछले 10 मैच में 17 विकेट और जीटी के मोहित के नाम पिछले 10 मैच में 21 विकेट है।

### सवाई मानसिंह स्टेडियम के आंकड़े

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में अब तक कुल 55 आईपीएल मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 20 मैच जीते हैं, जबकि 35 मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों ने अपने नाम किए हैं। यहां पर सर्वोच्च टीम स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद (217/6) के नाम पर है। आरआर ने इस मैदान पर 36 मैच जीते हैं और 19 मैच हारे हैं। GT ने यहां पर एक मुकाबला खेला है, जिसमें उन्हें जीत मिली है।

खास खबर

### जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर-1 खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा



**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे।

**जोकोविच ने जीते हैं 24 ग्रैंडस्लैम :** जोकोविच ने पुरूष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। सिनेर दूसरे, अल्काराज तीसरे नंबर परआस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### बिली जीन किंग कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत



**चांगशा।** रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की आसान जीत की बदौलत भारतीय टीम ने मंगलवार को यहां बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन पैसीफिक ओसियाना के खिलाफ 3-0 की आसान जीत दर्ज की। रुतुजा ने बेहद एकतरफा मुकाबले में बिना एक भी गेम गंवाए फिजी की तरानी केमोई को 6-0 6-0 से हराया। भारत की नंबर एक महिला एकल खिलाड़ी अंकिता ने इसके बाद फिजी की ही साओरसे ब्रीन को 6-1 6-3 से हराकर भारत को विजयी बढ़त दिलाई।

**औपचारिक मुकाबले में भारत जीता :** महज औपचारिकता के युगल मुकाबले में श्रीवल्ली रश्मिका भामीदिपति और प्रार्थना थोंबारे की भारतीय जोड़ी ने मेहेतिया बूसी और रूबी कोफिन को 6-1 6-1 से हराकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगले दो मैचों से बाहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव, जो अपने पहले 2 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच थे, वह आने वाले 2 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में वह सिर्फ 1 ही ओवर गेंदबाजी कर पाए थे। ऐसे में यह एलएसजी के लिए बहुत बड़ा झटका है। एलएसजी को अपना अगला मैच 12 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है।



### एलएसजी ने क्या कहा मयंक के लिए

एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट ने कहा, मयंक को पेट के निचले हिस्से में दर्द महसूस हो रहा है। इसी कारण हम अगले 2 मैच में उन्हें टीम का हिस्सा नहीं बनाएंगे। एहतियात के तौर पर हम उनका वर्कलोड मैनेज कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द मैदान पर फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 30 से

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में 30 अप्रैल से दस मई तक खेली जायेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। लीग से उदीयमान खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने का मौका मिलेगा। लीग के पहले चरण में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, मध्यप्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा की टीमें भाग लेंगी। इस लीग में अंडर 21 खिलाड़ी भाग लेंगे। दूसरे चरण की तारीखों की घोषणा बाद में की जायेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक बयान में कहा राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारतीय हॉकी के लिये बड़ा पल है। खासकर हमारी महिला खिलाड़ियों के लिये।

# ऐश्वर्या का एशियाई चैंपियनशिप-2023 का कांस्य पदक अब बदलेगा रजत में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।

पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तरीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। ऐश्वर्या चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और कांस्य पदक जीतने वाली महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थीं।



### एआईयू ने कहा- फरीदा के सभी नजीते अमान्य

एआईयू ने कहा एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी, इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। श्रीलंका की नदीषा रमानायके ने 52.61 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## जडेजा ने केकेआर के खिलाफ 18 रन देकर झटके 3 विकेट

# आईपीएल में रविंद्र जडेजा 100 विकेट और 100 कैच लपकने वाले पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 22वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने घातक गेंदबाजी की है। दोनों ने 3-3 विकेट अपने नाम किए। इस शानदार गेंदबाजी के ही कारण कोलकाता नाइट राइडर्स मुकाबले में 150 रन भी नहीं बना पाई। जडेजा ने इस मैच में अपने 100 कैच भी पूरे किए। वह 100 विकेट के साथ 100 कैच लपकने वाले इतिहास में पहले खिलाड़ी बने हैं।



### कैसी रही गेंदबाजी?

जडेजा ने केकेआर के खिलाफ 4 ओवर गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 18 रन खर्च करते हुए 3 विकेट झटके। यह इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। उनकी स्पिन होती हुई गेंद केकेआर के बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए। इस मैच से पहले वह सिर्फ 1 विकेट लेने में सफल रहे थे। उनकी इकॉनमी रेट सिर्फ 4.50 की रही। इस खिलाड़ी ने 11 डॉट गेंदें डाली। उन्होंने सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर (3) को अपना शिकार बनाया।

### ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी

आईपीएल इतिहास में जडेजा 1,000+ रन, 100+ विकेट और 100+ कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं। जडेजा आईपीएल के इतिहास में 100 कैच लपकने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह कारनामा रोहित शर्मा (100), किरोन पोलार्ड (103), सुरेश रैना (109) और विराट कोहली (110) कर चुके हैं। जडेजा ने 16वीं बार आईपीएल में 3 विकेट हॉल अपने नाम किया है। आईपीएल इतिहास में अब उनसे आगे सिर्फ अमित मिश्रा (17), लसिथ मलिंगा (19), जसप्रीत बुमराह (20) और युजवेंद्र चहल (20) हैं। जडेजा ने अब तक 230 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान वह 74 बार नाबाद रहे हैं। उनके बल्ले से 26.95 की औसत से 2,776 रन निकले हैं। उन्होंने 2 बार अर्धशतक भी लगाया है।

# पाकिस्तान की टीम में फिक्सिंग में जेल जा चुके क्रिकेटर की वापसी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 की सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित हो गई। बाबर आजम इस टीम के कप्तान होंगे। उनकी कप्तान के तौर पर वापसी हुई है। इस 17 सदस्यीय टीम में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम की भी वापसी हुई है।





आमिर वो गेंदबाज हैं, जो स्पॉट फिक्सिंग के मामले में जेल की सजा काट चुके हैं। उन्होंने हाल ही में संन्यास से वापसी की थी और अब उन्हें पाकिस्तान टीम में चुना गया है। मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम को 2020 और 2023 के बाद पाकिस्तान टीम में चुना गया है। पीसीबी द्वारा चीफ सेलेक्टर के बिना चयन पैनल की घोषणा के बाद पहली टीम में, पाकिस्तान ने उस्मान खान को भी चुना है, जिन पर हाल ही में यूएई क्रिकेट बोर्ड ने 5 साल का बैन लगाया था। यूएई क्रिकेट बोर्ड ने उनपर धोखेबाजी का आरोप लगाते हुए ये कार्रवाई की। उस्मान का जन्म पाकिस्तान में ही हुआ है लेकिन, यहां मौके कम मिलने की वजह से वो यूएई चले गए थे और वहां आईएलटी20 लीग और टी10 जैसी लीग में हिस्सा भी लिया था। उनके यूएई की तरफ से खेलने का रास्ता भी करीब-करीब साफ हो गया था। हालांकि, पाकिस्तान सुपर लीग के इस सीजन में उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी की थी और लगातार दो शतक ठोके थे।




## स्कूल संचालकों और बुक सेलर्स के सिंडीकेट को तोड़ने जिला प्रशासन की टीमें मैदान में उतरी

# बुक सेलर के प्रतिष्ठानों में प्रशासन के छापों से हड़कंप

### एक साथ सभी बुक सेलर्स के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि, जबलपुर।

स्कूल संचालकों और बड़े बुक सेलर्स के सिंडीकेट को तोड़ने के लिए स्कूलों के बाद अब जिला प्रशासन ने बड़े बुक सेलर्सों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया। अभिभावकों से मिली शिकायत के बाद जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में दल बल के साथ मैदान में उतरे। इस कार्रवाई के बाद तमाम बुक सेलर्सों में हड़कंप मच गया। शहर के चारों ओर एसडीएम को कलेक्टर ने बुक सेलर्स की जांच के निर्देश दिए हैं। एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में नौदरा ब्रिज स्थित चिल्ड्रन बुक डिपो में, एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रामपुर स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस में, गोरखपुर स्थित संगम बुक डिपो में एसडीएम गोरखपुर ने और एसडीएम आधारताल शिवाली सिंह के नेतृत्व में उखरी तिराहे स्थित न्यू राधिका बुक पैलेस पर तथा गोलबाजार स्थित न्यू राधिक बुक पैलेस एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर का कहना है कि जिला प्रशासन को इस बात के इनपुट मिले थे कि कुछ बुक सेलर्स पब्लिशर्स के

आईएसबीएन नंबर का इस्तेमाल कर डुप्लीकेट किताबें बेच रहे हैं। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई की। जांच के बाद बुक सेलर्स का पक्ष भी सुना जाएगा, उसके बाद जो भी विधि सम्वत कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि कलेक्टर दीपक सक्सेना को अब तक जिले भर के 75 स्कूलों की शिकायत मिल चुकी हैं। 65 स्कूलों में अनियमितता भी पाई गई हैं। उसके बाद अभिभावकों ने डुप्लीकेट पुस्तके बेचने की शिकायतें भी की। तब जाकर बुक सेलरों पर भी शिकंजा कसा गया। पांच एसडीएम के नेतृत्व में बनाई गई टीमों ने बुक सेलर्स की दुकानों में जांच पड़ताल की। जांच के दौरान दुकानों में भारी अनियमितताएं मिली।



#### एक ही पब्लिकेशन के दामों में अंतर मिला

यहां तक कि संगम बुक डिपो गोरखपुर में एक ही पब्लिकेशन की बुक जिसके एक ही सिलेबस थे, अलग-अलग नाम से मिली, दोनों की पुस्तक का पाठ्यक्रम एक ही था, वहीं उनके रेट में सौ रुपए का फर्प मिला. दोनों ही बुक प्रेंडस पब्लिकेशन की थी. गोरखपुर एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक की सभी बुक के आईएसबीएन नंबरों की जांच की जा रहीं है. एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान आईएसबीएन नंबर फर्जी भी मिले है। कार्रवाई के दौरान कुछ बुक सेलर ने कहा कि स्कूलों द्वारा जिस पब्लिकेशन की बुक लिस्ट दी जा रही है वह पब्लेशन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे है, जिसके चलते अभिभावक कलेक्टर से शिकायत कर रहे है. इसी तरह अधारताल एसडीएम शिवाली सिंह की टीम ने उखरी तिराहा व रामपुर में न्यू राधिका बुक पैलेस पर दबिश दी, यहां पर एसडीएम की टीम को भारी अनियमितताएं मिली है. ऐसा माना जा रहा है कि एसडीएम स्तर के अधिकारियों द्वारा की जांच की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

#### सारा चक्कर कमीशन के खेल का

चर्चाओं में यह बात भी सामने आई है कि क्राइस्ट चर्च स्कूल में पढाई जाने वाली बुक की लिस्ट लेकर अभिभावक शहर भर की दुकानों के चक्कर लगाते रहते है लेकिन उन्हे कही भी बुक नहीं मिलती है. इसके बाद उन्हे बताया जाता है कि क्राइस्ट चर्च स्कूल की बुक सिर्फ एक खास बुक सेलर के यहां मिलती है। अभिभावक न चाहते हुए भी यहां से बुक सेलर के मनमाने दामों पर पुस्तपें खरीदने विवश होता है। इस पूरे मामले में कमीशन का खेल बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि स्कूल व बुक सेलर के बीच तीन सालों का एग्रीमेंट होता है, लेकिन लाखों, करोड़ के कमीशन के इस खेल में अब तक जिला प्रशासन की नजर नहीं गई। एक ही पब्लिशर्स की पुस्तके सिर्फ एक खास दुकानें में मिलने से अभिभावक जब परेशान हो गए तो उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर से की, जिसके बाद ताबड़तोड़ छापे की कार्रवाई की गई। कहा जा रहा है कि जो छोटे बुक सेलर है वो बड़े बुक सेलरो से परेशान थे। अब बुक सेलरों और स्कूल के बीच कमीशन का खेल भी जांच के दायरे में आ सकता है।

#### विधि सम्मत कार्रवाई होगी

"जिला प्रशासन को पर्याप्त सबूत मिले हैं कि बुक सेलर्स पब्लिकेशर्स के आईएसबीएन नंबर डालकर डुप्लीकेट पुस्तकें बेच रहे हैं जिसकी शिकायतें जिला प्रशासन को मिली, उस पर अभी जांच कराई जा रही है। शिकायत सहीं पाए जाने पर बुक सेलरों को अपना पक्ष रखने का मौका भी दिया जाएगा। इसके बाद जो भी विधि सम्वत कार्रवाई होगी, वो की जाएगी। जहां तक स्कूलों फीस वृद्धि का सवाल है तो एक्ट में प्रावधान है कि निजी स्कूल साल में 10 प्रतिशत फीस वृद्धि नहीं कर सकते, इसकी भी सूचना उन्हें डीईओ को देनी होगी। 10 फीसदी से अधिक फीस वृद्धि के लिए विभिन्न एंजेसियों से अनुमति लेना आवश्यक हैं"।

**दीपक सक्सेना**
जिला कलेक्टर, जबलपुर

## जबलपुर रेल मंडल में टिकिट जांच अभियान

# 57 हजार अनियमित रेलयात्रियों से रिकॉर्ड जुर्माना वसूला

**जबलपुर**। जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत मार्च माह में मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 3.85 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है जो पिछले माह की तुलना में 3.38 करोड़ रुपए से 13.91 प्रतिशत अधिक है। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख वाणिज्य प्रबंधक श्री ओम प्रकाश के मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील के निर्देशन में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक विश्व रंजन सहित डी.सी.एम. नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, श्र गुन्नार सिंह के नेतृत्व में मार्च 2024 में नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई।

जाँच के दौरान मार्च माह में बिना टिकट यात्रा के लगभग 28 हजार मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 2.23 करोड़ वसूल किया गया। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए लगभग 28 हजार से अधिक यात्री पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 1.62 करोड़ वसूल किया गया। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 366 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 60 हजार से अधिक वसूला गया। इस प्रकार दिनांक 01 मार्च से 31 मार्च 2024 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 57 हजार मामले से रेलवे को रुपये 3.85 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई।




## कांग्रेस विधायक के निर्वाचन को चुनौती का मामला

# हाईकोर्ट ने आरिफ मसूद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**जबलपुर**। भोपाल की मध्य विधानसभा से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के निर्वाचन को चुनौती देते हुए भाजपा उम्मीदवार ध्रुव नारायण सिंह ने याचिका दायर की है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने विधायक आरिफ मसूद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 14 अप्रैल को होगी। कांग्रेस विधायक पर हलफनामे में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा व गौरव तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के नामांकन के दौरान आरिफ मसूद ने जो हलफनामा दिया था उसमें लोन से जुड़ी जानकारी सही नहीं दी थी। बताया गया है कि निर्वाचन आयोग को आरिफ मसूद और उनकी पत्नी रुबीना मसूद पर लगभग 65 लाख 38 हजार रुपये से अधिक के लोन की जानकारी नहीं दी गई है। इसमें रुबीना मसूद पर 31,28,000 रुपये और आरिफ मसूद पर 34,10,000 रुपये का लोन बताया जा रहा है। मांग की गई कि मसूद की विधायकी समाप्त की जाए।

### सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर से समयमान वेतनमान की रिकवरी के आदेश निरस्त

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर से समयमान वेतनमान के रिकवरी आदेश को निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने उक्त रिकवरी की राशि का भुगतान 90 दिन में करने के निर्देश भी दिए।
भोपाल निवासी गोविंद प्रसाद पंथी की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता एक वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हो चुका है। विभाग ने यह कहकर उसकी समयमान वेतनमान की दो लाख 21 हजार की राशि की रिकवरी कर ली थी कि उन्हें प्रारंभिक नियुक्ति से दो पदोन्नति का लाभ दिया जा चुका है। दलील दी गई कि राज्य शासन द्वारा एक अप्रैल 2008 को जारी सर्कुलर के अनुसार दो से अधिक पदोन्नति पाने वाला भी समयमान वेतनमान पाने का हकदार है। इस संबंध में हाईकोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला भी दिया गया। कोर्ट ने रिकवरी आदेश निरस्त कर राशि वापस करने कहा।

### रिश्वत लेते पकड़े गये 2 कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया निलंबित


**जबलपुर**। विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त कार्यालय की कार्यवाही में रिश्वत लेते पकड़े गये गोरखपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ दोनों कर्मचारियों को कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मचारियों में तहसीलदार गोरखपुर का प्रवाचक सहायक ग्रेड-तीन ऋषिकांत पांडे एवं गोरखपुर तहसील कार्यालय से संबद्ध कार्यालय संचालक महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान का सहायक ग्रेड-दो शामिल है। दोनों कर्मचारियों के निलंबन आदेश कल सोमवार की देर शाम को ही जारी कर दिये गये थे। ज्ञात हो कि गोरखपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ दोनों कर्मचारियों को विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को दोपहर की गई कार्यवाही में नामान्तरण के एक प्रकरण में आवेदक से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। निलंबित कर्मचारियों में अशोक रजक को निलंबन काल में तहसील कार्यालय कुंडम तथा ऋषिकांत पांडे को तहसील कार्यालय सिहोरा से संबद्ध किया गया है।




## पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम का मिजाज

# झोंकेदार हवाओं के बीच शाम को हुई बूंदाबांदी

**जबलपुर**। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। सोमवार को हुई बारिश के बाद रात में शीतल बयारें चलती रही, लेकिन दिन में तेज धूप निकलने से गर्मी का एहसास हुआ। शाम को एक बार फिर हवा, पानी का मौसम बन गया था बादल छा गए थे, लेकिन हवाएं बारिश को उड़ा ले गई। मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि अगले चौबीस घण्टों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के प्रवेश करने से तापमान में उछाल ले रहा था जो औसत से नीचे आ गया। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर लो प्रेशर डेवलप होने के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवात बन गया है जिसके प्रभाव से बादल छा रहे हैं। जहां-जहां बादलों का जमावड़ा होता है वहां-वहां बारिश या छुटपुट बारिश हो रही हैं और तेज हवाएं भी चल रही हैं। मंगलवार को शाम को बारिश के आसार बने लेकिन तेज हवाओं के बीच हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया। पिछले चौबीस घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। सूर्येदय सुबह 5.53 मिनिट पर और सूर्यास्त 6.29 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 40 डिग्री तापमान खंडवा, प्रदेश में सबसे कम 16 डिग्री तापमान मंडला में दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले चौबीस घण्टों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के बीच छुटपुट वर्षा होने की संभावना है, साथ ही बादल गरजने और झोंकेदार हवाएं भी चल सकती है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240